

दैनिक
सीहोर जिले का प्रथम दैनिक
K ✌ K
RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-61 | सीहोर, शनिवार 19 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

### बांग्लादेश को चेतावनी

## भारत के मसलों में दखल न दे; आपके वहां खुले घूम रहे अपराधी

नई दिल्ली(ए.)। भारत ने गुरुवार को वक्फ संशोधन अधिनियम पर विरोध प्रदर्शनों के दौरान पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के बारे में बांग्लादेश के बयान को दृढ़ता से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने ढाका की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया और इसे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के बारे में भारत की चिंताओं के साथ समानता स्थापित करने का एक 'छिपा हुआ और कपटपूर्ण' प्रयास करार दिया। बुधवार को बांग्लादेश ने भारत और पश्चिम बंगाल सरकार से राज्य में हिंसा के बीच अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा, "हम पश्चिम बंगाल की घटनाओं के संबंध में बांग्लादेश की ओर से की गई टिप्पणियों को अस्वीकार करते हैं।" बयान में कहा गया, "यह बांग्लादेश



में अल्पसंख्यकों के लगातार उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं के साथ तुलना करने का एक छिपा हुआ और कपटपूर्ण प्रयास है, जहां ऐसे कृत्यों के अपराधी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। अनुचित टिप्पणी करने के बजाय, बांग्लादेश को अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले सप्ताह के अंत में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में मुर्शिदाबाद के सुती, धुलियान, समसेरगंज और जंगीपुर इलाकों में हुई हिंसा में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग बेघर हो गए, जिसके बाद केंद्रीय बलों की तैनाती की गई और इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया गया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने गुरुवार को कहा था, "हम मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा में बांग्लादेश को शामिल करने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से खंडन करते हैं। हम भारत और पश्चिम बंगाल सरकार से अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी की पूरी तरह से सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाने की अपील करते हैं।

### वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट की अहम सुनवाई 5 मई को : ओवैसी समेत 5 याचिकाओं पर होगी सुनवाई




नई दिल्ली,(ए)। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अहम निर्देश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि अब इस मामले में सिर्फ 5 मुख्य याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी, जबकि बाकी करीब 65 याचिकाएं हस्तक्षेप या पक्षकार याचिकाओं के रूप में जोड़ी जाएंगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक मुख्य याचिकाकर्ताओं का चयन आपसी सहमति से किया गया, ताकि सभी पक्षों की बात सामने रखी जा सके और सुनवाई व्यवस्थित ढंग से हो। कोर्ट ने मामले का शीर्षक बदलकर 'इन रे: वक्फ अमेंडमेंट एक्ट' कर दिया है।केंद्र सरकार को 7 दिन में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया गया है, जिसके बाद याचिकाकर्ता 5 दिन में जवाब देंगे।

## मुर्शिदाबाद हिंसा पीड़ितों से मिले राज्यपाल, बोले- जल्द होगी ठोस कार्रवाई

### – मालदा में राहत शिविर के बाहर अफरा-तफरी

मालदा(ए.)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस शुक्रवार को मालदा पहुंचे। यहां उन्होंने राहत शिविर में जाकर हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। राज्यपाल के राहत शिविर में पहुंचते ही अफरा-तफरी मच गई। संभवत: हिंसा पीड़ितों की मदद कर रहे स्थानीय लोग राज्यपाल से मिलना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। राज्यपाल बोस ने कहा कि मैंने शिविर में रह रहे परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। मैंने उनसे विस्तृत चर्चा की। मैंने उनकी शिकायतें सुनीं और उनकी भावनाओं को समझा। उन्होंने मुझे यह भी बताया कि वे क्या चाहते हैं, निश्चित रूप से, सक्रिय कार्रवाई की जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं ने बताया कि उन्हें धमकाया गया, बदमाश उनके घरों में घुस आए और उनके साथ मारपीट की गई। अपशब्दों का प्रयोग भी किया गया। दरअसल, वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद कई हिंदू परिवार पलायन कर मालदा में शरण लिए हुए हैं। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल से वहां ना जाने की अपील की थी, लेकिन अपने कर्तव्य का हवाला देकर राज्यपाल ने मालदा दौरा रद्द नहीं किया। राज्यपाल ने कहा था कि वो हालात का जायजा लेकर और पीड़ित परिवारों से बात



करके केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंसा का दौर खत्म होना चाहिए, तभी शांति और सौहार्द स्थापित हो सकता है।ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को राज्यपाल सीवी आनंद बोस से अपील की थी कि वे मुर्शिदाबाद जिले का दौरा कुछ समय के लिए टाल दें। ममता ने कहा था कि मैं राज्यपाल से अपील करूंगी कि वे कुछ और दिनों का इंतजार करें, क्योंकि विश्वास बहाली के उपाय किए जा रहे हैं। स्थिति सामान्य हो रही है।वहीं, मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद आज राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग राष्ट्रीय महिला आयोग की टीमों ने भी मालदा में राहत शिविरों का दौरा किया।

## भारत में टेस्ला की एंट्री पक्की! PM मोदी और एलन मस्क के बीच हुई इन मुद्दों पर खास बातचीत

नई दिल्ली(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क के साथ फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को बढ़ाने के बारे में



चर्चा की। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, "एलन मस्क से बात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान उठे विषय भी शामिल थे। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बातचीत की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।" यह बातचीत मस्क की कंपनियों - [विशेष रूप से टेस्ला और स्टारलिंक] - की भारतीय बाजार में बढ़ती दिलचस्पी के बीच हुई है। टेस्ला देश में मैन्युफैक्चरिंग बेस स्थापित करने के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत कर रही है। वहीं मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो ने मार्च में भारत में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं लाने के लिए मस्क की स्पेसएक्स के साथ एक समझौते की घोषणा की थी। टेलीकॉम टाइकून सुनील भारती मित्तल की भारती एयरटेल ने भी स्पेसएक्स के साथ इसी तरह की साझेदारी की है।

## तहव्वुर राणा को ना बीफ, ना बिरयानी, ना बोटी: NIA की कस्टडी में बस तोड़ रहा रोटी!

नई दिल्ली(ए.)। मुंबई के 26/11 आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा इस वक्त एनआईए की कस्टडी में है. वो लगातार जांच एजेंसी से नॉन-वेज खाने की डिमांड कर रहा है. एनआईए सूत्रों के मुताबिक राणा चाहता है कि उसे रिमांड के दौरान खाने में बीफ, बिरयानी और बोटी दी जाए. मायानगरी मुंबई को दहलाने वाला यह आतंकी शायद समझ बैठा है कि उसे बुढ़ापे में आरती उतारने के लिए भारत लाया गया है. एनआईए ने एक मिनट में उसकी अक्ल को ठिकाने लगा दिया. उसे साफ-साफ कह दिया गया कि एनआईए के नियम के अनुसार बताई गई चीजे ही खाने में दी जाएंगी.एनआईए सूत्रों के मुताबिक तहव्वुर राणा को एनआईए हिरासत में शाकाहारी भोजन दिया जा रहा है. राणा से नियमों के मुताबिक ही पूछताछ की जा रही है. तहव्वुर राणा को पर्याप्त नींद मिल रही है और अगर वो चाहे तो उसे लिखने के लिए कागज-पेन भी दिया जा रहा है. राणा की मेडिकल जांच सामान्य समय पर हो रही है. अमेरिका से प्रत्यर्पण संधि के अनुसार ही तहव्वुर राणा को मेडिकल ट्रीटमेंट भी दिया जा रहा है, उसके साथ अच्छा व्यवहार किया जा रहा है. एनआईए नियम के अनुसार उसे अपने वकीलों से मिलने की इजाजत भी दे रही है.

तहव्वुर राणा को एनआईए ने उपलब्ध कराई कुरान

तहव्वुर राणा पर 26/11 मुंबई आतंकी हमले में षड्यंत्र रचने, हत्याएं कराने, आतंकवादी कृत्य और



जालसाजी सहित कई अपराधों के आरोप लगाए गए हैं. तहव्वुर राणा को दिल्ली के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित एनआईए के मुख्यालय के अंदर एक हाई सिक्योरिटी सेल में रखा गया है. सुरक्षाकर्मी 24 घंटे उसकी निगरानी कर रहे हैं. तहव्वुर राणा ने पहले कुरान, पेन और कागज तीन चीजों की मांग की थी. ये तीनों चीजें उसे उपलब्ध करा दी गई हैं. एनआईए की टीम तहव्वुर राणा से हर दिन आठ से दस घंटे तक पूछताछ कर रही हैं. ताकि 2008 में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए कायराना हमलों की बड़ी साजिश की जांच की जा सके. इन हमलों में 166 लोग मारे गए थे और 238 से अधिक घायल हुए थे.

## "प्रसाद योजना" से संवरेगी माँ पीताम्बरा की नगरी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### केन्द्र सरकार ने दी 44.24 करोड़ की सौगात, दतिया बनेगा आध्यात्मिक पर्यटन का नया केन्द्र

भोपाल(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि माँ पीताम्बरा की नगरी को प्रदेश का प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल बनने के लिये सुविधा संपन्न बनाया जाएगा। केंद्र सरकार की "प्रसाद योजना " (Pilgrimage Rejuvenation and Spiritual Augmentation Drive) के अंतर्गत मंदिर परिसर और उससे जुड़े क्षेत्र के विकास के लिए 44.24 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस योजना से धार्मिक स्थलों का कायाकल्प होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण होगा। "प्रसाद योजना " का उद्देश्य भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और पर्यटकों के लिए सुविधाजनक बनाना है।

**धार्मिक विरासत को मिलेगा आधुनिक स्वरूप**

प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक म.प्र.



टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि पीतांबरा पीठ में पर्यटन सेवाओं के विस्तार से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। सुविधाएं बढ़ने से यह विकास तीर्थयात्रियों को आसानी होगी। "प्रसाद योजना " के तहत पीताम्बरा पीठ, दतिया में होने वाले प्रमुख विकास कार्य हाइवे से मंदिर की ओर लगभग 2 कि.मी. के मार्ग पर पैदल आने वाले दर्शनार्थियों एवं वरिष्ठ जनों को ताजी हवा, खुला वातावरण और आराम प्रदान करने के लिए विशेष रूप से खुले स्थानों का विकास किया जाएगा।

### एक मई से नहीं लागू होगा सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम, केंद्र ने जारी किया स्पष्टीकरण

नई दिल्ली(आरएनएस)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिसमें एक मई से राष्ट्रीय स्तर पर सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम लागू करने की बात कही गई थी। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि कुछ मीडिया हाउस की रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एक मई से राष्ट्रीय स्तर पर सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम लागू हो जाएगा और यह मौजूदा फास्टैग आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम को रिप्लेस करेगा। मंत्रालय ने आगे कहा, हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम एक मई से लागू करने को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है।टोल प्लाजा पर वाहनों की निर्बाध, बिना किसी परेशानी के आवाजाही को सक्षम करने और यात्रा के समय को कम करने के लिए चुनिंदा टोल प्लाजा पर एएनपीआर-फास्टैग बेस्ट बैरियर-लैस टोलिंग सिस्टम लागू किया जाएगा।

### सैलरी मांगने पर कर्मचारियों से हैवानियत, बिजली के झटके दिए, नाखून भी उखाड़े; फिर ऐसे बची जान

भीलवाड़ा (ए.)। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले से रोजगार की तलाश में छत्तीसगढ़ गए दो चचेरे भाइयों के साथ अमानवीय क्रूरता और फिरौती वसूलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ितों का आरोप है कि सैलरी मांगने पर उन्हें बेरहमी से पीटा गया, कपड़े उतरवाकर बिजली के करंट लगाए गए, नाखून उखाड़े गए और परिजनों से फिरौती वसूलने के बाद ही उन्हें छोड़ा गया। इस घटना के बाद भी आरोपियों ने भीलवाड़ा आकर उन्हें धमकाया। स्थानीय पुलिस पर शिकायत न सुनने का आरोप लगाते हुए पीड़ित युवकों ने गुरुवार को भीलवाड़ा एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित मुकेश और विनोद नामक चचेरे भाई 12 फरवरी को छत्तीसगढ़ के कोरबा शहर पहुंचे थे।




## दिल्ली सल्तनत के आगे नहीं झुकेगा तमिलनाडु, अमित शाह पर स्टालिन का निशाना; बोले- हम कंट्रोल से बाहर



नई दिल्ली(ए.)। भाषा विवाद के बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके चीफ एमके स्टालिन ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनका राज्य कभी भी दिल्ली में बैठी सरकार के सामने नतमस्तक नहीं होगा। इसके साथ ही डीएमके चीफ ने कहा कि तमिलनाडु हमेशा दिल्ली के कंट्रोल से बाहर रहता है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए स्टालिन ने कहा, "अमित शाह कहते हैं कि 2026 में वे सरकार बनाएंगे। मैं उन्हें चुनौती देता हूं और कहता हूं कि तमिलनाडु कभी भी दिल्ली सल्तनत के आगे नहीं झुकेगाज्हमारे पास इतनी ताकत है। आप दूसरे राज्यों में पार्टियों को तोड़कर और छापे मारकर सरकार बनाकर जो करते हैं, वह तमिलनाडु में नहीं चलेगा। यह फॉर्मूला यहां काम नहीं करेगाज्तमिलनाडु हमेशा दिल्ली के कंट्रोल से बाहर रहता है।"स्टालिन ने गृह मंत्री अमित शाह से NEET परीक्षा और राज्य में हिंदी थोपने पर भी सवाल किया। उन्होंने कहा, "मैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूछना चाहता हूं कि क्या वे ह्श्वश्वञ्ज से छूट देने का आश्वासन दे सकते हैं? क्या वे आश्वासन दे सकते हैं कि आप हिंदी लागू नहीं करेंगे? क्या वे तमिलनाडु को विशेष निधि जारी करने की सूची दे सकते हैं? क्या आप अपना वचन दे सकते हैं कि परिसीमन से (संसदीय चुनावों में तमिलनाडु की) सीटें कम नहीं होंगी? अगर हम ध्यान भटका रहे हैं, तो आपने तमिलनाडु के लोगों को उचित जवाब क्यों नहीं दिया? "केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा की गई टिप्पणी, जिसमें उन्होंने तमिलनाडु सरकार को 'बेईमान' और राज्य के लोगों को 'असभ्य' कहा था, पर स्टालिन ने कहा कि राजनीति तमिलनाडु को विभाजित नहीं कर सकती। डीएमके चीफ ने कहा, "केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिल लोगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की।

## चक्रवाती तूफान ने ले ली पाँच की जान, दर्जन भर घायल

### -तूफान में ट्राली पलटने से तीन की मौत, दीवाल गिरने से दो की मौत

सोहावल-अयोध्या (आरएनएस )। बृहस्पतिवार की शाम को आये तूफान तेज हवा व आँधी ने पाँच महिलाओं की जान ले ली। जनपद की सोहावल तहसील क्षेत्र के महोली मजरे सैदपुर गांव निवासी ललिता 22 वर्ष पूजा 19 वर्ष पुत्री जल्ला ट्राली पर भूसा लाने के लिए गयी थीं। कमला पत्नी राजेंद्र कुमार उम्र 28 वर्ष गेहूं काटने खेत में गई थी। आंधी आने पर एक ट्रैक्टर ट्राली के नीचे छिप गयी। आंधी की वजह से ट्राली उनके ऊपर पलट गयी। ग्रामीणों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली भेजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना हाजीपुर मजरे गंज की है। जहाँ सुशील कुमार व उनकी पत्नी ओला से बचाने के लिए मैदान में बंधी भैंस को छप्पर में बांधने गये। तेज आंधी से एक पेड़ टूटकर बगल में बनी ईंट की दीवाल पर गिरी जिसकी चपेट में आकर सुशील कुमार की पत्नी गीता देवी उम्र लगभग 60 वर्ष की मौत हो गयी। जबकि सुशील गम्भीर रूप से घायल हो गये।दबने से भैंस की भी मौत हो गयी। तीसरी घटना तहसील क्षेत्र के ही तहसीनपुर के मजरे पूरे जिग्ना मिश्र की है। यहां किसान यूनियन के नेता अधिवक्ता नकुल पांडेय के अनुसार धन्नीपुर बुधौलिया निवासी दीपा यादव उम्र करीब 32 वर्ष जो कि जिगना मिश्र का पुरवा गाँव में गेहूँ काटने आई थी।

## DOLO 650 दवा को टॉफी की तरह खा रहे भारतीय, अमेरिकी डॉक्टर ने दी चेतावनी

नई दिल्ली(ए.)। दवा डोलो 650 हाल के सालों में भारत में सबसे लोकप्रिय हो गया है। इसकी खपत भी काफी बढ़ गई है। भारतीयों की इसी आदत को अमेरिका में रहने वाले गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. पलानीअप्पन मनिकम ने एक ट्वीट के जरिए उजागर किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर




लिखा, "भारतीय डोलो 650 को कैडबरी जेम्स की तरह लेते हैं।" इस एक ट्वीट पर लाखों री-ट्वीट हो चुके हैं और सोशल मीडिया पर बहस गर्म हो गई है। अमेरिका के डॉक्टर पलनियप्पन मणिक्कम का एक ट्वीट काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा है "भारतीय डोलो-650 को कैडबरी जेम्स की तरह खाते हैं।" यह सुनने में मजाक जैसा लग सकता है, लेकिन इसने एक बहुत गंभीर मुद्दे की ओर इशारा किया है- वह है भारत की पिल-पॉपिंग आदत, यानी जरूरत हो या न हो, बस गोली खा लो।बता दें कि डोलो-650 को माइक्रो लैब्स बनाता है और इसमें 650mg पैरासिटामोल होता है, जो आमतौर पर मिलने वाली 500mg की तुलना में ज्यादा डोज है। कोविड-19 की दूसरी लहर में जब बुखार और वैक्सीन के साइड इफेक्ट से राहत के लिए पैरासिटामोल लेने की सलाह दी गई, तब डोलो-650 की मांग अचानक से आसमान छूने लगी। IQVIA की एक रिपोर्ट के मुताबिक, उस समय इसकी बिक्री रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई थी।लोग अब डोलो सिर्फ बुखार में नहीं, बल्कि थकान, तनाव, और कभी-कभी "सिर्फ एहतियात" के तौर पर भी ले लेते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि बिना किसी डॉक्टर से पूछे ही लोग इसे नियमित रूप से लेने लगते हैं।





# गांधीसागर अभयारण्य की जलवायु चीतों के लिए अनुकूल, 20 अप्रैल को छोड़े जाएंगे चीते : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## -चीतों के दीदार के लिए कूनो आने वाले पर्यटकों को जल्द मिलेगी रोड-टू-एयर कनेक्टिविटी
## -कूनो राष्ट्रीय उद्यान परिक्षेत्र में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के लिए खोले जाएंगे दीदी कैफे

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इको सिस्टम के प्रॉपर डेवलपमेंट के लिए मध्यप्रदेश में वृहद स्तर पर काम हो रहा है। वन्य पर्यटन हमारी अर्थव्यवस्था को गति देता है और अब यही हमारी समृद्धि का प्रवेश द्वार बन रहा है। हमारी सरकार कूनो राष्ट्रीय उद्यान को एक आदर्श वन्य प्राणी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी। प्रदेश में सिर्फ कूनो ही नहीं, अब मंदसौर जिले का गांधीसागर अभयारण्य भी चीतों से गुलजार होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से आगामी 20 अप्रैल को गांधी सागर अभयारण्य में चीते छोड़े जाएंगे। कड़ी सुरक्षा में कूनो नेशनल पार्क से 2 चीते शिफ्ट कर गांधीसागर अभयारण्य में ले जाये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में पर्यटन तेजी से बढ़े, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार ग्वालियर से कूनो के लिए डायरेक्ट रोड और एयर कनेक्टिविटी भी विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में केंद्रीय



पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ मध्यप्रदेश में चीता प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों द्वारा यह जानकारी दिए जाने पर हर्ष व्यक्त किया कि भारत (मध्यप्रदेश) में जन्में चीता शावकों की जीवन प्रत्याशा (सर्वाइवल रेट) पूरे विश्व में सर्वाधिक है। दूसरे देशों में चीता शावक जलवायु से अनुकूलन के अभाव में सर्वाइव नहीं कर पाते हैं। चीतों के लिए जरूरी जलवायु और वातावरण की दृष्टि से गांधीसागर अभयारण्य बेहद अनुकूल है, इसलिए सरकार यहां चीते छोड़कर इस अभयारण्य को भी चीतों से गुलजार करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार के साथ मिलकर सबके सहयोग से हम चीतों का पुनर्वास करेंगे। ग्वालियर से कूनो नेशनल पार्क तक पक्की बारहमासी रोड बनाई जाएगी। कूनो में टेंट सिटी तैयार कर यहां आने वाले पर्यटकों को जंगल में प्रकृति के पास समय बिताने का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री श्री यादव की मंशा के अनुरूप हम कूनो प्रक्षेत्र में इंटरनेशनल लेवल का एक पशु चिकित्सालय और रेस्क्यू सेंटर भी खोलेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार से भी मदद लेंगे। पशु चिकित्सालय के संचालन से कूनों के चीतों के इलाज के साथ-साथ इस पूरे क्षेत्र में गौवंश के उपचार में भी मदद मिलेगी।

# दुबई से छुट्टी पर आये युवक पर बदमाशो ने किया तलवार से हमला

### - थाने के पास ही घात लगाकर बैठे थे बदमाश

भोपाल(ए.)। श्यामला हिल्स थाने के नजदीक ही घात लगाकर बैठे दो बैखौफ बदमाशो ने एक युवक पर तलवार से हमला कर उसे घायल कर दिया। जान बचाने के लिये तलवार का वार हाथ से रोकने के कारण उसके दाहिने हाथ में घातक चोट आई है। पुलिस के अनुसार श्यामला हिल्स थाने के पास रहने वाले समीर आगा खान (36) दुबई में नौकरी करते हैं। बीते दिनो वह ईद का त्यौहार होने पर भोपाल अपने घर आए हुए थे। उन्होंने बताया कि बुधवार रात वे गिन्नौरी में रहने वाले अपने परिचित अफजल के घर गए थे। रात करीब साढ़े 10 वापस घर लौटे और कच्चा बंगला क्षेत्र के पास कार रोकने के बाद उतरकर घर की तरफ जा रहे थे। उसी समय पहे से घात लगाकर बैठे दो बदमाशों ने उन पर तलवार से हमला कर दिया। पहला हमला



सिर के पास किया लेकिन वह जैसै-तैसै बच गए तब बदमाशो ने दूसरा वार किया जिसे उन्होंने अपने हाथ से रोका। इससे उनके हाथ में दो जगह गंभीर चोट आई है। उन्हें इलाज के लिये निजी अस्पताल पहुंचाया गया। समीर ने पुलिस को बताया कि उनकी चार साल पहले मलिक परिवार में शादी हुई थी। उनकी पत्नी एक महीने ससुराल में रही और मायके चली गई। इसके बाद से ही उनका कोर्ट में केस चल रहा है। दोनों परिवार के बीच आपसी समझौता होने की बात तय हुई थी। और वह समझौता करने के लिए भोपाल में रुके हुए थे। घायल ने आंशका जताई है की बीते कुछ दिनो उसे उन्हें महसूस हो रहा था, कि कोई उनका पीछा कर रहा है। उन्होंने हमले के पीछे मलिक परिवार पर आशंका जताई है। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की जॉच कर रही है।

# एयर होस्टेस की कार नहर में गिरी, मौत

भोपाल (आरएनएस)। गुरुवार रात एक तेज रफ्तार कार की कोलार नहर में गिर गई। हादसे में एअर इंडिया की एयर होस्टेस हर्षिता शर्मा (21) की मौत हो गई। वह अपने दो दोस्तों के साथ घूमने निकली थी। कार चला रहे दोस्त जय ने बताया कि सामने अचानक गाय आ गई, जिसे बचाने की कोशिश में कार बेकाबू होर नहर में जा गिरी। हर्षिता को गंभीर हालत में एक निजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। हादसे में दो दोस्तों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने गाड़ी चला रहे जय के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं। हर्षिता के पिता प्रदीप शर्मा ने बताया कि वह अक्सर शहर से बाहर रहती थी। बुधवार रात उसने भाई को वॉट्सऐप पर बताया था कि शुक्रवार को भोपाल आ रही है। हमें नहीं पता था कि वह गुरुवार को ही भोपाल पहुंच गई थी। वह मिनाल रेसीडेंसी के पास होटल में रुकी थी।परिजन को हादसे की जानकारी तब मिली, जब हर्षिता की दोस्त शिवानी का कॉल आया कि वह अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि हर्षिता ब्रेन डेड हो चुकी है।

# उधना-बरौनी-उधना के मध्य 11-11 ट्रिप चलेगी स्पेशल ट्रेन

**पश्चिम मध्य रेल के इटारसी,जबलपुर, कटनी से गुजरेगी**



भोपाल (ए.)। समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना-बरौनी-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 11-11 ट्रिप रेल प्रसाशन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर एवं कटनी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 09037 उधना-बरौनी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 20 अप्रैल से 29 जून 2025 तक प्रत्येक रविवार को उधना स्टेशन से प्रात: 05:45 बजे प्रस्थान कर, इटारसी शाम 18:30 बजे, जबलपुर रात 21:50 बजे, कटनी 23:20 बजे पहुँचकर अगले दिनसतना मध्य रात्रि 00:30 बजे और सोमवार दोपहर 15:00 बजे बरौनी स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09038 बरौनी-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 21 अप्रैल से 30 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को बरौनी स्टेशन से शाम 18:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना 10:40 बजे, कटनी 11:50 बजे, जबलपुर दोपहर 13:50 बजे, इटारसी 17:20 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन बुधवार भोर 04:00 बजे उधना स्टेशन पहुँचेगी। इस गाड़ी में 18 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, पालधी, जलगांव, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जंक्शन, बख्तियारपुर एवं मोकामा स्टेशनों पर रुकेगी। स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

# प्रदेश में चावल के परिवहन एवं भंडारण की गुणवत्ता की होगी कड़ी निगरानी

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश के विभिन्न जिलों के मध्य रेक/एलआरटी के माध्यम से चावल का परिवहन एक निरंतर प्रक्रिया है, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस प्रक्रिया की पारदर्शिता, गुणवत्ता और मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। मंत्री श्री राजपूत ने अपर मुख्य सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरुण शमी को कहा है कि पूर्व में जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन की जमीनी स्थिति की व्यापक समीक्षा की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि एसओपी के पालन में प्रेषण अथवा प्राप्तकर्ता जिलों द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही होती है, तो इससे अमानक गुणवत्ता के चावल के जमा होने की संभावना बन सकती है।



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव का अंगवस्त्रम और पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।**

# डिंडोरी जिले के जनजातीय गाँव उफरी के हर घर पहुंचा नल से जल

भोपाल (ए.)। डिंडोरी जिले के करंजिया ब्लॉक का उफरी गांव, जहां कभी जल संकट विकराल रूप ले लेता था, अब स्वच्छ पेयजल की सुविधा से आत्मनिर्भर हो चुका है। यह वही गांव है, जहां पानी की एक-एक बूंद के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जहां महिलाओं और बच्चों का बड़ा हिस्सा अपने दिन का अधिकांश समय पानी की व्यवस्था करने में ही गंवा देता था। अब यह सब बीते समय की बात हो गई है। गांव के बुजुर्ग गंगाराम बैगा बताते हैं, गर्मियों में पानी की इतनी दिक्कत थी कि कई बार हमें रात में भी पानी भरने जाना पड़ता था। कई बार तो ऐसा हुआ कि झिरियों से गंदा पानी पीने के कारण गांव के कई लोग बीमार पड़ गए। हमें कभी उम्मीद नहीं थी कि हमारे गांव में भी नल से पानी मिलेगा। अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। यह हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है।



**पीएम जनमन योजना बनी संजीवनी**

जल संकट से जूझ रहे इस गांव में पीएम जनमन योजना के साथ जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा यहां एक बड़ी पेयजल टंकी का निर्माण कराया गया, जिससे पाइपलाइन के माध्यम से हर घर तक पानी पहुंचाया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजातीय परिवारों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना था, ताकि उन्हें जल संकट से मुक्ति मिल सके। गांव की महिला श्रीमती सुकली बाई कहती हैं, पहले हमें रोज सुबह जल्दी उठकर पानी के लिए निकलना पड़ता था। कई बार रात में भी पानी भरना पड़ता था, क्योंकि सुबह भीड़ अधिक होती थी। हमारी पूरी दिनचर्या पानी पर निर्भर थी, खेती-किसानी और बच्चों की देखभाल भी पीछे छूट जाती थी। अब हमें यह चिंता नहीं रहती, अब समय बचता है और हम अन्य कामों पर ध्यान दे सकते हैं।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया खंडवा- रानी कमलापति खंड का निरीक्षण

भोपाल, (निप्र)। पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने आज खंडवा से रानी कमलापति स्टेशन तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड की संरचना, पटरियों की स्थिति, सिग्नलिंग प्रणाली, क्रॉसिंग्स एवं सेफ्टी संबंधित अवसंरचनाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण का उद्देश्य न केवल संरक्षा व्यवस्था की समीक्षा था, बल्कि स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन भी करना था।

**खिरकिया स्टेशन - संरक्षा पर विशेष ध्यान**

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री त्रिपाठी ने खिरकिया स्टेशन पर विशेष रूप से संरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म किनारे सुरक्षा संकेतों, फाटक संचालन, पॉइंट्स एवं सिग्नल इंटरलॉकिंग की स्थिति की बारीकी से जांच की। स्टेशन यार्ड एवं सिग्नलिंग के संरक्षा उपायों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इसके साथ ही उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे प्रारंभिक विकास कार्यों की प्रगति देखी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टेशन को यात्री सुविधा की दृष्टि से और अधिक उन्नत बनाया जाए।

**हरदा स्टेशन - पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा**

हरदा स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत तेजी से हो रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति को सराहा। उन्होंने

### खिरकिया, हरदा और बनापुरा स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्यों, स्वच्छता और संरक्षा व्यवस्थाओं का मूल्यांकन




प्लेटफॉर्म विस्तार, वेटिंग हॉल, शौचालय, पेयजल सुविधा, फुट ओवर ब्रिज और अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षा से संबंधित इंटरलॉकिंग सिस्टम, पॉइंट्स और क्रॉसिंग्स की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयबद्धता, गुणवत्ता एवं यात्री हित को सर्वोपरि मानते हुए सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

**बनापुरा स्टेशन - यात्री सुविधाओं एवं संरक्षा का संतुलित मूल्यांकन**

बनापुरा स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक श्री त्रिपाठी ने यात्री सुविधा के साथ-साथ संरक्षा के दृष्टिकोण से भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने टिकट काउंटर, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म शेड, प्रकाश व्यवस्था एवं संकेत बोर्ड की स्थिति का मूल्यांकन किया। साथ ही यार्ड में पॉइंट्स, क्रॉसिंग्स एवं ट्रैक की स्थिति को देख सुरक्षा मानकों की पुष्टि की गई। यहां चल रहे अमृत भारत योजना के अंतर्गत स्टेशन भवन और यात्री संरचनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की भी सराहना की गई।

निरीक्षण के उपरांत मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने कहा - संरक्षा हमारी प्राथमिकता है और यात्री सुविधा हमारा संकल्प। भोपाल मंडल द्वारा स्टेशनों के पुनर्विकास, संरचना सुदृढ़ीकरण और यात्रियों को सुगम सेवाएं प्रदान करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि हर स्टेशन पर एक सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक वातावरण यात्रियों को मिले। इस निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता श्री राव अभिषेक, मंडल परिचालन प्रबंधक (माल) प्रमोद कुमार तिवारी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी ममलेश यादव सहित अन्य अधिकारी एवं पर्यवेक्षकगण उपस्थित रहे।

## विविध-समाचार

# बैरसिया में डंडे से पीट-पीटकर युवक की हत्या

भोपाल(आरएनएस)। बैरसिया में गुरुवार रात एक मजदूर की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद के बाद आधा दर्जन युवकों ने उसे पीटा था। आरोपी और मृतक आपस में रिश्तेदार हैं। फिलहाल एक भी आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है। घटना गुरुवार रात की है। शुक्रवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि धनेश्वर यादव (50) मूलतः बिहार का रहने वाला था। फिलहाल वह ग्राम बवचिया थाना बैरसिया स्थित एक वेयर हाउस में पल्लेदारी का काम करता था। उसका रिश्तेदार रंजीत यादव भी बिहार का रहने वाला है और पास के दूसरे गांव में स्थित वेयर हाउस पर काम करता है। गुरुवार रात रंजीत अपने चार-पांच साथियों को लेकर धनेश्वर यादव के पास पार्टी करने पहुंचा था। यहां उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर रंजीत ने अपने साथियों के साथ मिलकर धनेश्वर की लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। धनेश्वर को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां शुक्रवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस ने बताया कि झगड़े की सूचना के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची थी, लेकिन तब तक घायल धनेश्वर की मौत हो गई थी। उस पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। आरोपी रंजीत और उसके साथियों की गिरफ्तारी के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो पाएगाउस पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। आरोपी रंजीत और उसके साथियों की गिरफ्तारी के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव से विंध्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के खुले हैं द्वार : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हाल ही में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव, रीवा के माध्यम से विंध्य क्षेत्र में निवेश के नए और अपार अवसर खुले हैं। जो विंध्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। पतंजलि समूह जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की भागीदारी से इस क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति की मजबूत आधारशिला रखी जा सकती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से अमहिया, रीवा स्थित निज निवास पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक सचिव आचार्य श्री बालकृष्ण ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पतंजलि संस्थान द्वारा विंध्य क्षेत्र में किए जा रहे निवेश एवं संभावित औद्योगिक परियोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। क्षेत्रीय विकास, स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग तथा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। क्षेत्र की औद्योगिक क्षमता, प्राकृतिक संसाधनों और जनभागीदारी के माध्यम से आत्मनिर्भर विंध्य के निर्माण की दिशा में सार्थक चर्चा हुई।

# विकास कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी, अधिकारियों को समय पर करना होगा पूरा काम

भोपाल (आरएनएस)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त की जाएगी। अधिकारियों को समय पर काम करना होगा। मंत्री गौर ने अधिकारियों द्वारा लंबे समय तक फाइल अटकाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। राज्य मंत्री गौर ने शुक्रवार को वार्ड-61 का औचक निरीक्षण कर रहवासियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनका निराकरण किया। राज्य मंत्री गौर ने भ्रमण के दौरान कहा कि नागरिक सुविधाओं के स्थायी समाधान के लिए हम संकल्पित हैं। हमारा निरंतर प्रयास है कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहे, इसके लिए आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। मंत्री गौर को गोविंदपुरा स्थानीय रहवासियों ने पेयजल से जुड़ी कुछ परेशानियाँ बताईं। उन्होंने पानी का प्रेशर कम होना और निर्धारित समय से कम अवधि तक पानी मिलने की शिकायत की। मंत्री गौर ने अधिकारियों को पाइपलाइन का प्रेशर ठीक करने, पानी लाइन नेटवर्क को दुरुस्त करने और जल आपूर्ति की समय सीमा बढ़ाने के निर्देश दिए।

राज्य मंत्री गौर को लवकुश नगर, समृद्धि परिसर खजूरीकलां के रहवासियों ने बताया कि यहां मौजूद 40 फीट रोड पर बारिश में पानी भर जाता है। रहवासियों ने नाली पर से अतिक्रमण हटा कर सफाई की मांग की। राज्यमंत्री गौर ने अधिकारियों से पानी निकासी की व्यवस्था करने और मंदिर में पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए। रचना विहार एवं अवंतिका विहार में कॉलोनी की प्रस्तावित सड़क एवं पार्क सौंदर्यीकरण कार्यों को शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य के लिये विधायक निधि से 5 लाख रूपये की सहयोग राशि प्रदान की गई है, ताकि धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों का स्वरूप और अधिक आकर्षक बन सके। तुलसी परिसर में मार्ग चौड़ीकरण, नाला सफाई, सीवेज के खुले में बहने तथा मंदिर सौंदर्यीकरण कार्यों के संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

# शालाओं में 22 अप्रैल को होगा पृथ्वी दिवस का आयोजन

*विद्यार्थी निर्मित करेंगे वनस्पतियों की जानकारी के क्यूआर कोड*

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश की सभी शालाओं में 22 अप्रैल 2025 मंगलवार के दिन पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन के संचालन के लिए संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने समस्त जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा ''इको क्लब फॉर मिशन लाइफ'' कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए विद्यालयों में इको क्लब का गठन भी किया गया है। प्रदेश में विद्यालयों में गठित इको क्लब से फ्लोरा (वनस्पति) के लिए क्यूआर कोड नामक एक शैक्षिक पहल की शुरुआत की गई है। इसका प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल का विकास करना, क्यूआर कोड निर्माण और डिजिटल जानकारी प्रदान करना है। पृथ्वी दिवस के आयोजन में विद्यालय द्वारा इको क्लब फॉर मिशन लाईफ'' पोर्टल पर पंजीयन किया जायेगा। विद्यालय के इको क्लब प्रभारी द्वारा विद्यार्थियो के समूह बनाएँ जाकर स्कूल परिसर एवं आस-पास के बाग बगीचों इत्यादि में उपलब्ध पेड़-पौधों का सर्वेक्षण कर सूची तैयार की जायेगी। विद्यार्थी सूची अनुसार पेड़-पौधों से संबंधित जानकारी एकत्रित कर डिजिटल डेटाबेस भी तैयार करेंगे।

# पराली में आग लगाई, 20 किसानों पर एक लाख का जुर्माना, दोबारा ऐसा किया तो जाना पड़ेगा जेल



सीहोर (निप्र)। गेहूं की पराली में आग लगाकर भूमि की उर्वरक शक्ति को कम करने और दुर्घटनाओं को आमंत्रण देने वाले 20 लापरवाह किसानों पर राजस्व विभाग ने केस दर्ज करते हुए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एसडीएम ने इस मामले में किसानों को हिदायत दी है कि अगर, कोई किसान ऐसा करता हुआ पाया गया तो अभी केवल जुर्माना लगाया गया है, आने वाले समय में कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ेगा।

तहसीलदार सौरभ शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में कई किसानों की गेहूं की फसल आग लगने से चौपट हो गई, जिससे उन्हें लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। लापरवाह किसानों द्वारा मूंग बोने की एवज में गेहूं की नरवाई में आग लगाई जा रही थी। आगजनी के बाद पटवारियों द्वारा जब सर्वे कराया गया तो ऐसे 20 लापरवाह किसानों के नाम प्रशासन के सामने आए। एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी द्वारा इन किसानों पर केस दर्ज करते हुए 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई है कि अगर, फिर ऐसा किया तो सीधे जेल भेजा जाएगा।

**एसडीएम ने दी समझाइश**

एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने नरवाई में आग लगाने वाले लापरवाह किसानों को समझाइश देते हुए कहा कि नरवाई जलाने से भारी मात्रा में धुआं और हानिकारक गैसें निकलती हैं, जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए नुकसानदायक हैं। खेतों में आग लगाने से मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है। इस लापरवाही के कारण कई किसान भाइयों को नुकसान उठाना पड़ा है। इसलिए ऐसा न करें।

इन किसानों पर लगाया गया इतने रुपये का जुर्माना

राजेन्द्र पिता दुर्गाप्रसाद पाचौर - 15,000
सुनीता पुत्री भगवत रिठवाड़ - 5,000
सीमा बाई भादाकुई - 2,500
केशरी सिंह पिता सुंदरलाल सुनेड़ - 5,000
ज्वारीलाल पिता विसन आंबाकदीम - 2,500
नारायण, गुलरपुरा - 5,000
गुलाब पिता चुन्नीलाल राय, छीपानेर - 5,000
ग्यारसीलाल पिता रामलाल - 5,000
धमेन्द्र पिता ग्यारसीलाल, वासुदेव - 5,000
मगनलाल पिता रामौतार, बगवाड़ा - 2,500
शंकर पिता बाबूलाल, हालियाखेड़ी - 5,000
चिंता बाई पति देवचंद, पाडलिया - 5,000
गेंदालाल पिता रामकिशन - 5,000
रामाधार पिता मांगीलाल, खनपुरा - 5,000
दगडू पिता जीवन - 5,000
हरिओम पिता दगडू, सतराना - 7,500
रामदीन पिता भंवर सिंह - 5,000
अभिषेक पिता रामदीन, नंदगांव - 5,000
रोहित पिता नारायण सिंह - 2,500
राकेश पिता नारायण, चांदाग्रहण - 2,500

**छह किसानों पर दर्ज कराई गई एफआईआर**

प्रशासन द्वारा नरवाई में आग लगाने वाले 6 किसानों पर शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज कराई गई। नरवाई में आगजनी के दौरान पंचायत सचिव एवं पटवारियों द्वारा पंचनामा बनाकर प्रशासन को सौंपा गया, जिसके बाद इन किसानों के विरुद्ध प्रकरण थाने भेजा गया। इन किसानों में पाडलिया निवासी मोनू, बबलू पिता देवचंद खाती, चांदाग्रहण निवासी रोहित व राकेश, तथा हालियाखेड़ी के किसान उमाशंकर पिता बाजूलाल के नाम प्रमुख हैं।

# पहले फ्लाइट, फिर दो दिन मालगाड़ी में सफर, अगरतला से विदिशा पहुंची दो बच्चों की मां, जानें प्रेम



विदिशा (ए.)। कहते हैं प्यार अंधा होता है और जब यह परवान चढ़ता है तो दूरियां भी बेमायने हो जाती हैं। ऐसा ही कुछ हुआ त्रिपुरा की राजधानी अगरतला की रहने वाली रिंकी साह के साथ। रिंकी दो बच्चों की मां हैं। सोशल मीडिया पर हुए प्यार के चलते रिंकी ने अपने दोनों बच्चों के साथ हजारों किमी का सफर तय किया और मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में रहने वाले अपने प्रेमी के पास आग गई। इसके बाद दोनों ने शादी भी कर ली, अब रिंकी और उसका प्रेमी पति-पत्नी बनकर साथ रह रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में रहने वाले रिंकी साह की पहचान डेढ़ साल पहले स्नैपचैट पर विदिशा के चिड़ौरिया गांव निवासी प्रदीप जाटव से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच धीरे-धीरे बातचीत होने लगी और फिर यह सिलसिला चलता रहा। इस दौरान दोनों एक दूसरे से प्यार करने लगे। लेकिन, फिर दोनों ने साथ रहने का फैसला लिया, इसके बाद रिंकी विदिशा आने का निर्णय किया।

**फ्लाइट और मालगाड़ी में किया सफर**

रिंकी ने बताया कि अगरतला से कोलकाता तक का सफर उसने फ्लाइट से किया। फ्लाइट की टिकट के लिए उसने अपनी सोने की चेन 18,500 रुपये में बेच दी थी। कोलकाता एयरपोर्ट पर उतरने के बाद वह रेलवे स्टेशन पहुंची और फिर एक मालगाड़ी में बैठक भोपाल तक का सफर तय किया। मालगाड़ी से भोपाल आने में उसे दिन लगे। चार दिन पहले रिंकी बच्चों के साथ विदिशा पहुंची। इसके बाद रिंकी और प्रदीप ने बैरसिया स्थित आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली।

**पहले पति ने दर्ज कराया था केस**

इधर, रिंकी के अचानक लापता होने के बाद त्रिपुरा में रह रहे उसके पहले पति देवब्रत साह ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। शिकायत में पति ने आरोप लगाया कि कोई उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। त्रिपुरा पुलिस ने केस दर्ज कर रिंकी की तलाश शुरू की तो उसे उसके विदिशा होने की जानकारी मिली। इसके बाद त्रिपुरा पुलिस की टीम विदिशा पहुंची, रिंकी का पति देवब्रत साह भी आया। विदिशा महिला थाने में रिंकी ने पुलिस से कहा कि वह देवब्रत के साथ नहीं जाना चाहती। वह अपनी मर्जी से आई है और अब प्रदीप के साथ ही रहना चाहती है।



### अमरपाटन में जनपद अध्यक्ष और ष्टश्वह्र के बीच विवाद, गोली मारने की दी धमकी, मामले की जांच में जुटी पुलिस

मैहर (ए.)। मैहर जिले के अमरपाटन में जनपद अध्यक्ष और जनपद सीईओ के बीच एक बार फिर विवाद का मामला सामने आया है। दोनों के बीच हुई बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें जनपद सीईओ गोली चलाने की बात कर रहे हैं। हालांकि इस पूरे मामले की शिकायत अब पुलिस तक जा पहुंची है। पुलिस पूरे मामले को जांच कर रही है। दरअसल पूरा मामला अमरपाटन जनपद पंचायत का है, जहां बीते दिनों सामान्य बैठक का आयोजन चल रहा था। इस दौरान जनपद सीईओ ओपी अस्थाना जनपद अध्यक्ष माया पांडेय से अभद्रता करते हुए बैठक से उठकर चले गए, जिसके बाद से सीईओ के खिलाफ लगातार शिकायतें की जा रही हैं।

# अमरनाथ यात्रा के पंजीयन में शुरू हो गई टोकन व्यवस्था, श्रद्धालुओं को नहीं लगना होगा लाइन में




उज्जैन (ए.)। बाबा बर्फानी की अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। यह पवित्र यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई से प्रारंभ होकर 9 अगस्त तक जारी रहेगी। उज्जैन शहर में पंजाब नेशनल बैंक की कंठाल शाखा को पंजीयन केंद्र के रूप में चिह्नित किया गया है। शाखा प्रबंधक ऋतुराज मीणा ने बताया कि मात्र दो दिनों में 250 से अधिक पंजीयन किए जा चुके हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अब टोकन प्रणाली लागू की गई है, ताकि श्रद्धालु दिए गए समय पर आकर अपनी प्रक्रिया पूरी कर सकें। पंजीयन के दौरान बायोमेट्रिक फीडिंग, EKYC और मेडिकल टेस्ट को लेकर कुछ तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही हैं। एक पंजीयन में औसतन पांच मिनट का समय लग रहा है, जिसके चलते कई लोग वेटिंग में हैं। फिर भी हमारा प्रयास है कि बाबा अमरनाथ के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के यात्रा का रजिस्ट्रेशन करवाया जाए।

# मनमाड़-इंदौर रेल लाइन प्रोजेक्ट के लिए अब शुरू होगा भूमि अधिग्रहण, 267 करोड़ मंजूर



इंदौर (ए.)। निमाड़ क्षेत्र के विकास में रफ्तार देने वाली इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना का काम जल्दी ही जमीन पर नजर आने लगेगा। इसके लिए रेल विभाग ने 267 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण के लिए मंजूर किए है। इंदौर, महू के अलावा अन्य जिलों के किसानों को प्रोजेक्ट में ली जा रही जमीन के बदले मुआवजा दिया जाएगा।

सरकार ने भू अर्जन अधिकारी तीन माह पहले ही नियुक्त कर दिए थे। मध्य प्रदेश के इंदौर, धार, खरगोन और बड़वानी जिले में नई रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। रेलवे स्टेशन भी बनेंगे। इस परियोजना में चारों जिलों के 77 गांवों की जमीन आ रही है। जिसे रेल विभाग को अधिग्रहित करना है। इसमें महू के 18 गांव भी शामिल है।

**इंदौर से मुबंई की दूरी 568 किलोमीटर रह जाएगी**

इंदौर से मुबंई रुट पर जो ट्रेन जाती है। वह दाहोद, बड़ौदा होकर जाती है। इस कारण इंदौर से मुबंई की दूरी 840 किलोमीटर है लेकिन इंदौर मनमाड़ रेल परियोजना के बाद यह दूरी 568 किलोमीटर रह जाएगी। आठ घंटे में इंदौर से मुबंई पहुंचा जा सकेगा। सबसे ज्यादा फायदा निमाड़ को होगा। निमाड़ का हिस्सा रेल परियोजना से जुड़ जाएगा। खरगोन, सेंधवा, बड़वानी जैसे जिले रेल संपर्क से जुड़ेंगे।

## विधायक के बाद नप उपाध्यक्ष के बेटे की दादागीरी, प्रतिबंध के बावजूद की हर्ष फायरिंग, मामला दर्ज




देवास (ए.)। देवास जिले के नेमावर में कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी हर्ष फायरिंग खुलेआम की जा रही है। कोई आम व्यक्ति नहीं, बल्कि नेमावर नगर परिषद उपाध्यक्ष के पुत्र ही हर्ष फायरिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। उनका एक वीडियो सामने आने के बाद नेमावर पुलिस ने नगर परिषद उपाध्यक्ष के पुत्र पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। किस तरह कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं इस वीडियो देखा जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद यह चर्चा का विषय बन गया है।

बता दें कि बीते दिन माता टेकरी इंदौर विधायक गोलू शुक्ला के बेटे के समर्थकों का माता टेकरी पर विवाद का वीडियो सामने आया था। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था और विधायक पुत्र ने पंडित से माफी मांगी थी। इस घटना के बाद अब नगर पंचायत उपाध्यक्ष के बेटे का वीडियो वायरल हो रहा है, जो सत्ता नेताओं के रसूख को साफ दर्शाता है।

**कलेक्टर के आदेश की उड़ाई धज्जियां**

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने मार्च में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर था, जिसमें कोई भी व्यक्ति समूह, संस्था, सार्वजनिक स्थान पर स्थान किसी भी प्रकार का हथियार अग्नि शास्त्र लेकर नहीं जा सकता है। यदि वह इसका उपयोग करता है तो उसके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया जाएगा।

## व्यापार समाचार

# ब्रिजस्टोन इंडिया अपनी टायर रेंज का करने जा रही विस्तार




नई दिल्ली (ए.)। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए ब्रिजस्टोन इंडिया अपनी टायर रेंज का विस्तार करने जा रही है। ब्रिजस्टोन कंपनी अपनी ईवी-रेडी ट्यूरांज़ा 6 आई और ड्यूलर ऑल टेरेन (ए/टी ) 002 टायर रेंज को नए साइज में बाजार में पेश करेगी।

कंपनी के कार्यकारी निदेशक, राजर्षि मोइत्रा ने बताया कि इस विस्तार का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की गाड़ियों की जरूरतों को पूरा करना है।

ट्यूरांज़ा 6 आई टायर एसयूवी, सीयूवी, सेडान और हैचबैक सेगमेंट की गाड़ियों के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह 14 से 20 इंच के आकार में उपलब्ध होगा। वहीं, ड्यूलर ए/टी 002 विशेष रूप से 4गुणा4 गाड़ियों के लिए विकसित किया गया है। भारत में टायर बाजार हर साल लगभग 4.4 करोड़ यूनिट का है, जिसमें 2 करोड़ यूनिट ओईएम सेगमेंट और 2.4 करोड़ यूनिट आफ्टरमार्केट सेगमेंट में आती हैं।

ब्रिजस्टोन इंडिया का दावा है कि आफ्टरमार्केट सेगमेंट में उसकी 20प्रतिशत हिस्सेदारी है, और कंपनी मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा, हुंडई, टोयोटा और होंडा जैसी प्रमुख कार निर्माताओं के साथ साझेदारी में काम करती है। मोइत्रा ने कहा कि ट्यूरांज़ा 6i एक ईवी-रेडी टायर है और यह आफ्टरमार्केट में पहले से उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, कंपनी अपने ओईएम पार्टनर्स के साथ मिलकर ईवी प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर रही है।

ब्रिजस्टोन इंडिया के इंदौर और पुणे में दो उत्पादन प्लांट हैं, जहां कुल मिलाकर रोज़ाना 30,000 टायर बनाए जाते हैं। 2024 में 85 मिलियन डॉलर निवेश की घोषणा के साथ कंपनी पुणे प्लांट की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने की योजना बना रही है।

मोइत्रा ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में आफ्टरमार्केट सेगमेंट में हर साल 6 से 8 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है, और कंपनी का लक्ष्य अपनी हिस्सेदारी को मजबूत करना है। भारत में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 2023 में 95,859 यूनिट से बढ़कर 2024 में 1,13,441 यूनिट हो गई है, जिससे ईवी टायरों की मांग में भी वृद्धि हुई है।

### रघुराम राजन से ऐसा क्या बोल गए फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल जिसपर भड़के ट्रंप? बाजार में भी सुस्ती

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल को बर्खास्त करने की धमकी देने गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार में मिला-जुला रुख दिखा। ट्रंप ने यूरोप व चीन से व्यापार समझौते पर भी सकारात्मक रुख जाहिर किया, इसका भी बाजार की भावना पर असर पड़ा। गुरुवार की सुबह शेयर बाजारों में उस समय उतार-चढ़ाव दिखा जब ट्रम्प ने ब्याज दरों में तेजी से कटौती नहीं करने के लिए पॉवेल को "बर्खास्त" करने की बात कही। ट्रंप ने ऐसी टिप्पणी उनके और फेड अध्यक्ष के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद के बीच कई बार की है। टैरिफ पर पॉवेल ने क्या टिप्पणी की है जो ट्रंप को रास नहीं, ट्रंप ने टैरिफ पर अब क्या कहा है? आइए जानते हैं सबकुछ।

यूरोपीय संघ और चीन से व्यापार समझौते पर क्या बोले ट्रंप?

हालांकि, ट्रंप की ओर से पॉवेल पर हमले को बाजार ने आगे चलकर नजरअंदाज कर दिया और दोपहर को इसमें तेजी दिखी। उधर, ट्रंप ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ "100%" व्यापार समझौता होगा और चीन के साथ भी एक "बहुत अच्छा सौदा" होगा।




# टाटा नेक्सन ईवी को कड़ी टक्कर महिंद्रा एक्सयूवी 3 एक्सOईवी

नई दिल्ली (ईएमएस)। स्वदेशी कंपनी महिंद्रा अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी एक्सयूवी 3एक्सOईवी को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। इस इलेक्ट्रिक कार को एक बार फिर टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। महिंद्रा की यह इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा नेक्सन ईवी जैसी गाड़ियों को कड़ी टक्कर देने के इरादे से लाई जा रही है। इस गाड़ी का एक्सटीरियर डिज़ाइन काफी हद तक एक्सयूवी 400 की तरह होगा।

इसमें आईसीई और ईवी मॉडल्स के बीच कई कॉमन एलिमेंट्स जैसे शीट मेटल पैनल और प्लास्टिक ट्रिम्स शामिल होंगे। चार्जिंग पोर्ट को भी एक्सयूवी 400 की तरह बाएं साइड फ्रंट क्वार्टर पैनल में रखा गया है। केबिन की बात करें तो इसमें कई एडवांस्ड फीचर्स देखने को मिलेंगे, जैसे 10.2-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 10.2-इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, रियर एसी वेंट, पैनोरमिक सनरूफ, लेवल-2 अडास तकनीक और 360-डिग्री कैमरा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्सयूवी 3एक्सOईवी ईवी दो बैटरी पैक वेरिएंट्स 34.5 केडब्ल्यूएच और 39.4 केडब्ल्यूएच के साथ आ सकती है। इसकी सिंगल चार्ज पर रेंज 400 किलोमीटर से ज्यादा हो सकती है, जो इसे मार्केट में काफी प्रतिस्पर्धी बनाएगी।

# आरबीआई ने कहा- बैंक खातों में लेनदेन पर कड़ी निगरानी रखी जाए

मुंबई (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि बैंक केंद्रीय बैंक को सूचना दिये बिना अपनी विदेशी शाखाओं या प्रतिनिधियों के नाम पर रुपया खाते (ब्याज रहित) खोल या बंद कर सकते हैं। हालांकि, आरबीआई ने डिपॉजिट और अकाउंट पर जारी मास्टर निर्देश में कहा कि पाकिस्तान के बाहर संचालित पाकिस्तानी बैंकों की शाखाओं के नाम पर रुपया खाते खोलने के लिए रिजर्व बैंक की विशेष मंजूरी की आवश्यकता होगी। खातों में लेन-देन पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विदेशी बैंक भारतीय रुपये पर सट्टा लगाने वाला नजरिया न अपनाएं. ऐसे किसी भी मामले की सूचना रिजर्व बैंक को दी जानी चाहिए। इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के बैंकिंग सिस्टम में मजबूती को लेकर अहम बात की थी। आरबीआई ने कहा कि आपात परिस्थितियों और मुश्किलों से निपटने के लिए एक बफर पूंजी यानी सीसीवाईबी बना रखा है। हालांकि, इसका इस्?तेमाल परिस्थितियों के हिसाब से किया जाएगा।




# इंफोसिस ने सीईओ सलिल पारेख के लिए 51 करोड़ रुपये की स्टॉक विकल्प योजना की मंजूरी दी, ये है मतलब




नई दिल्ली (ए.)। भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस के बोर्ड ने सीईओ और एमडी सलिल पारेख को 51 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्टॉक प्रोत्साहन या कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ईएसओपी) देने को मंजूरी दे दी है।

ये स्टॉक प्रोत्साहन ईएसजी और इक्विटी सहित विभिन्न मदों के तहत हैं, और इनकी कुल राशि 51 करोड़ रुपये से अधिक है। एक दस्तावेज में कंपनी ने कहा है कि बोर्ड ने नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिशों के आधार पर शेयरधारकों की मंजूरी के बाद पारेख के लिए इस वार्षिक अनुदान को मंजूरी दे दी है।

कंपनी के अनुसार इस अनुदान में "प्रतिबंधित स्टॉक इकाइयों (आरएसयू) के रूप में वार्षिक प्रदर्शन-आधारित स्टॉक प्रोत्साहन (वार्षिक प्रदर्शन इक्विटी अनुदान) भी शामिल है। 2015 की स्टॉक प्रोत्साहन मुआवजा योजना में अनुदान की तिथि तक 34.75 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाले कंपनी के इक्विटी शेयर शामिल हैं।" इंफोसिस ने कहा कि पारेख को यह अनुदान घोषणा की की तारीख से 12 महीने के भीतर दिया जाएगा, बशर्ते कि कंपनी बोर्ड की ओर से प्रदर्शन के लिए निर्धारित लक्ष्यों हासिल कर ले।"

कंपनी ने गुरुवार को बीएसई को दी गई सूचना में बताया कि ईएसओपी 2 मई, 2025 से प्रदान किए जाएंगे और आरएसयू की संख्या की गणना 2 मई, 2025 को कारोबार बंद होने के समय के बाजार मूल्य के आधार पर की जाएगी। कंपनी ने इस दौरान चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 25 का स्कोरकार्ड जारी किया।

# गुड फ्राईडे पर शेयर बाजार बंद

नई दिल्ली (ए.)। भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज गुड फ्राइडे के मौके पर शुक्रवार 18 अप्रेल को बंद हैं। इसके चलते किसी भी तरह की ट्रेडिंग नहीं होगी। शुक्रवार को इक्विटी डेरिवेटिव्स, करेंसी डेरिवेटिव्स, सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग और कमोडिटी डेरिवेटिव्स की ट्रेडिंग भी निलंबित रहेगी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में भी कारोबार नहीं होगा। अब शेयर बाजार सोमवार, 21 अप्रैल 2025 को दोबारा खुलेंगे और नियमित समय के अनुसार काम करेंगे। भारत में शेयर बाजार हर सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक खुलते हैं और शनिवार-रविवार को बंद रहते हैं।

## IMF का दावा : US टैरिफ से कमजोर होगी वैश्विक अर्थव्यवस्था, मुद्रास्फीति बढ़ेगी; मंदी का कारण नहीं बनेंगे शुल्क


वाशिंगटन (ए.)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने दावा किया है अमेरिकी टैरिफ में वृद्धि से वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर होगी। इसके अलावा इस वर्ष मुद्रास्फीति बढ़ेगी। हालांकि, आयात शुल्कों में वृद्धि वैश्विक मंदी का कारण नहीं बनेगी। आईएमएफ का ये अनुमान अगले सप्ताह यानी मंगलवार को जारी किया जाएगा।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## हस्ताक्षर तो तमिल में करें

तमिलों के प्रति अपना विशेष लगाव दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिल भाषा को दुनिया में ले जाने की बात उठाई। उन्होंने तमिल माध्यम से शिक्षा शिक्षा प्रदान करने की वकालत की ताकि गरीब छात्रों को भी लाभ मिल सके। तमिलनाहु में पम्बन ब्रिज के उद्घाषण भाषण में उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन का नाम लिये बगैर कहा, तमिलनाडु के नेताओं के पत्रों में हस्ताक्षर अंग्रेजी में होते हैं। मोदी ने तंज करते हुए कहा, अगर हमें तमिल पर गर्व है तो मैं अनुरोध करूंगा कि कम से कम हस्ताक्षर तो तमिल में करें।राज्य सरकार को पिछली सरकार की तुलना में अधिक धन आवंटित किये जाने पर मोदी ने कहा कि, कुछ लोगों को रोने की आदत होती है, वे रोते रहते हैं। स्टालिन की गैरहाजरी में ही राज्य में 8300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।हालांकि स्टालिन के प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल न होने को भाजपा ने प्रधानमंत्री का अपमान बताया है। कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति पर चल रही हिन्दी थोपने की बहस को लेकर मोदी ने परोक्ष में हस्ताक्षर वाली बात पर प्रहार किया। यह टिप्पणी केंद्र व तमिलनाडु सरकार के दरम्यान चल रहे त्रि-भाषा नीति को लेकर चल रहे विवाद को तूल भी दे सकती है। अगले साल राज्य में होने वाले चुनाव से इस घटनाक्रम को जोड़कर देखा जा सकता है।भाजपा गठबंधन फिर से अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के साथ सरकार बनाने की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है। राज्य के चुनावी बिसात में पुराने मोहरे बिछाने की तैयारी के अतिरिक्त मोदी सरकार के पास बेहद सीमित मार्ग हैं। हालांकि मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री का इस्तकबाल करके बड़प्पन दिखाना शोभनीय होता। प्रधानमंत्री किसी दल का नहीं होता, वे अखंड भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।बजरिए तमिल भाषा में दर्शाये जा रहे इस अपनापे के खोखलेपन से स्थानीय जनता अच्छी तरह वाकिफ है। बेहतर हो कि यह हस्ताक्षर वाली सलाह सभी राज्यों को दी जाती। अपनी भाषा के प्रति लगाव दर्शाने का बेहतर तरीका तो यही हो सकता है कि इस तरह के पत्र-व्यवहार को स्थानीय भाषा में किया जाए। बहुभाषी अखंड देश होने का ख्याल रखा जाना केंद्र के लिए अतिआवश्यक है।चुनावी सरगर्मी में हमें तमिल होने पर गर्व हो जाता है। जो मौसम बदलते ही कश्मीरी होने पर या बंगाली होने के गर्व में तब्दील होता रहता है। हालांकि देश की राजनीति ऐसे ही संवेदनशील मुद्दों के भरोसे चलती आ रही है, इसमें कुछ बदलता नहीं नजर आ रहा।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर लोगों से बातचीत करती

# देश में समाप्त होने के कगार पर नक्सलवाद

**रमेश सर्राफ धमोरा**

पिछले छः दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में घोषणा की है कि 31 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। गृह मंत्री द्वारा की गई यह एक बहुत बड़ी घोषणा है। गत 60 वर्षों से देश नक्सलवाद की समस्या से बुरी तरह पीड़ित रहा है। इस दौरान देश में कई सरकारें आई और चली गई मगर नक्सलवाद का नासूर दिनों-दिन बढ़ता ही रहा था। देश के कई प्रदेशों में तो बहुत बड़े हिस्से में नक्सलवादी अपनी समानांतर सरकार तक चलाते थे। नक्सलवाद प्रभावित जिलों में उनकी हुकूमत चलती थी। वहां केंद्र व राज्य सरकार का कोई असर नहीं दिखता था। नक्सलियों का फरमान ही अंतिम आदेश होता था जिसे लोग मानने को मजबूर थे।

मगर अब परिस्थितियों पूरी तरह बदल चुकी है। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनो कहा कि नक्सलवाद मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत ने वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटाकर 6 कर दिया है। शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर रोशनी डालते हुए और सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा था कि मोदी सरकार सर्वव्यापी विकास के लिए अथक प्रयासों और नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ रुख के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।गृह मंत्रालय के अनुसार भारत में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या पहले 38 थी। इनमें से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या अब घटकर 6 हो गई है। साथ ही चिंता के जिलों और अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या में भी कमी आई है। नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित छह जिलों में



अब छत्तीसगढ़ में चार जिले बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा झारखंड का पश्चिमी सिंहभूम जिला व महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला शामिल है। इसके अतिरिक्त चिंता के जिलों की संख्या जिन्हें गहन संसाधनों और ध्यान की आवश्यकता है 9 से घटकर 6 रह गई है। ये जिले आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू, मध्य प्रदेश में बालाघाट, ओडिशा में कालाहांडी, कंधमाल और मलकानगिरी और तेलंगाना में भद्राद्री-कोठागुडेम हैं। अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या जो नक्सली गतिविधि का भी सामना कर रहे हैं लेकिन कम हद तक 17 से घटकर 6 हो गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, गरियाबंद और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी, झारखंड का लातेहार, ओडिशा का नुआपाड़ा और तेलंगाना का मुलुगु जिला शामिल हैं। इन जिलों को उनके पुनर्निर्माण और विकास में सहायता करने के लिए केंद्र सरकार विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों को 30 करोड़ रुपये मिलते हैं। जबकि सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में अंतराल को भरने के लिए चिंता वाले जिलों को 10 करोड़ रुपये आवंटित किए जाते हैं। इन क्षेत्रों की जरूरतों के अनुरूप विशेष परियोजनाओं को भी सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।

नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में कम से कम 130 नक्सली मारे गए हैं। इनमें से 110 से ज्यादा बस्तर संभाग में मारे गए जिसमें बीजापुर और कांकेर समेत सात जिले शामिल हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से 105 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 2025 में अब तक 164 ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं इससे पहले वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज किया जा चुका है।वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 जिले नक्सलप्रभावित थे लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड्स बनाए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2004 से 2014 तक देश में नक्सलवाद से जुड़ी 16,463 हिंसक घटनाएं हुई थीं। लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसमें 53 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2004 से 2014 तक विभिन्न नक्सली हमलों और नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान 1851 सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। लेकिन पिछले 10 साल में सुरक्षाबलों के हताहत होने की संख्या 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई है। वहीं 2004 से 14 के बीच नक्सली हमलों में 4,766 नागरिकों की मौत हुई थी। 2014 से 2024 के बीच यह आंकड़ा 70 प्रतिशत घटकर 1495 रह गया है।

गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था।

# धर्म और पूजा में स्त्रियों की भूमिका: एक तथ्यपूर्ण विश्लेषण

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

धार्मिक परंपराओं में स्त्रियों की भूमिका हमेशा से विवाद का विषय रही है। कई धर्मों में स्त्रियों को पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठानों और धर्मस्थलों में पुरुषों के बराबर अधिकार नहीं दिए गए हैं। हालाँकि, कुछ धर्मों के मूल ग्रंथों में स्त्रियों को समानता का दर्जा दिया गया है, लेकिन व्यवहार में अभी भी भेदभाव बना हुआ है। आइए, विभिन्न धर्मों में स्त्रियों की पूजा-पद्धति में भागीदारी की स्थिति का विश्लेषण करें।

### इस्लाम में स्त्रियों की पूजा ( नमाज ) में भागीदारी..

इस्लाम में धार्मिक समानता का सिद्धांत है, लेकिन व्यवहार में महिलाओं को कई प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है।

### क्या कहता है कुरान ?

- कुरान स्पष्ट रूप से महिलाओं को नमाज पढ़ने से नहीं रोकता।
- हदीसों में भी महिलाओं के लिए घर में नमाज पढ़ने को बेहतर बताया गया है, लेकिन मस्जिद जाने से मना नहीं किया गया।
- पैगंबर मुहम्मद (स.अ.व.) के समय में महिलाएँ मस्जिद जाती थीं और पुरुषों के पीछे अलग पंक्ति में नमाज अदा करती थीं।

### वर्तमान स्थिति:

हाल ही दोहा में एक अलग मस्जिद स्त्रियों के लिए बनाई गई है।

- भारत और कई देशों में अधिकांश मस्जिदों में महिलाओं के लिए अलग प्रार्थना स्थल नहीं होता, जिसके कारण उन्हें मस्जिद जाने से रोका जाता है।
- कुछ प्रगतिशील मस्जिदें (जैसे केरल की कुछ मस्जिदें और दिल्ली की जामा मस्जिद) महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था करती हैं, लेकिन यह अपवाद है। -महिला आयोग और सरकार को चाहिए कि वे मस्जिद प्रबंधन से महिलाओं के लिए पृथक प्रार्थना कक्ष की माँग करें, ताकि धार्मिक समानता सुनिश्चित हो सके।

### हिंदू धर्म में स्त्रियों की पूजा में भागीदारी..

हिंदू धर्म में स्त्रियों को देवी के रूप में पूजा जाता है, लेकिन कई मंदिरों में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध हैं।

### शास्त्रों का दृष्टिकोण

- वेदों और पुराणों में महिलाओं को यज्ञ और पूजा में बराबरी का अधिकार दिया गया है। - ऋग्वेद में लोपामुद्रा, गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषी महिलाओं का उल्लेख है, जो धार्मिक चर्चाओं में भाग लेती थीं।

### वर्तमान स्थिति:

- कुछ मंदिरों (जैसे सबरीमला, पुरी जगन्नाथ मंदिर) में महिलाओं के प्रवेश पर रोक है, जिसे लेकर विवाद हो चुके हैं। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को अनुमति दी, लेकिन व्यवहार में इसका पालन नहीं हो रहा। महिला आयोग और सरकार को चाहिए कि वे ऐसे मंदिरों के नियमों की समीक्षा करें और संशोधन करवाएँ, ताकि महिलाएँ बिना भेदभाव के पूजा कर सकें।

### -ईसाई धर्म में स्त्रियों की भूमिका..

ईसाई धर्म में महिलाओं को चर्च में प्रार्थना करने की पूरी आजादी है, लेकिन कुछ संप्रदायों में पादरी बनने पर प्रतिबंध है।

### बाइबिल का दृष्टिकोण:

- बाइबिल में पौलुस के कुछ उल्लेखों में महिलाओं को चुप रहने को कहा गया है (1 Timoth4 2:12), लेकिन यीशु ने स्वयं महिलाओं को समानता दी।

### वर्तमान स्थिति:

- कैथोलिक चर्च में महिलाएँ पादरी नहीं बन सकतीं, जबकि प्रोटेस्टेंट चर्च में यह अनुमति है। - भारत में अधिकांश चर्चों में महिलाएँ स्वतंत्र रूप से प्रार्थना कर सकती हैं।

### 4. सिख धर्म: सबसे अधिक समानतावादी

सिख धर्म में लैंगिक समानता को मूलभूत सिद्धांत माना गया है।

गुरु ग्रंथ साहिब का दृष्टिकोण: - गुरु नानक देव जी ने कहा, सो क्यों मंदा आखिए जित जम्मे राजान (वह क्यों बुरी कहलाए, जिससे राजा पैदा होते हैं)। सिख इतिहास में महिलाएँ गुरुद्वारों का प्रबंधन करती रही हैं।

### वर्तमान स्थिति:

-गुरुद्वारों में महिलाएँ बिना किसी भेदभाव के ग्रंथी (पाठक) और सेवादार बन सकती हैं। लंगर में भी पुरुष और महिलाएँ साथ बैठकर भोजन करते हैं।

### क्या बदलाव की जरूरत है?

-मस्जिदों में महिलाओं के लिए अलग प्रार्थना कक्ष बनाए जाने चाहिए ताकि वे बिना किसी रोक-टोक के नमाज अदा कर सकें।

- हिंदू मंदिरों से महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध हटाए जाने चाहिए, क्योंकि यह संवैधानिक समानता के खिलाफ है। महिला आयोग और सरकार को धार्मिक संस्थानों के साथ बातचीत करके इन मुद्दों को हल करना चाहिए। धर्म का उद्देश्य मानवता को जोड़ना है, तो फिर स्त्री-पुरुष के बीच भेदभाव क्यों? समय आ गया है कि धार्मिक संस्थाएँ महिलाओं को पूजा और धार्मिक अनुष्ठानों में बराबरी का दर्जा दें।

# आज का राशिफल

मेष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यावसायिक कार्य योजना में बदलाव करना जरूरी है। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन आपकी ग्रोथ के लिए मददगार रहेगा। आज आपकी इनकम अच्छी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को जल्दी ही स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस में अत्यधिक कार्यभार बना रहेगा, इसलिए आलस करने से बचना चाहिए। आज अपने संपर्क सूत्रों को और अधिक सुदृढ़ करें, क्योंकि यह आपके लिए बहुत अधिक लाभदायक साबित होने वाले हैं। आज आपको किसी प्रकार की नई जानकारी भी हासिल होगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज परिवार का संपत्ति संबंधित मामला सुलझ सकता है, जिसमें आपको घर के सदस्यों की मदद भी मिलेगी। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आज खर्चों की अधिकता की वजह से मन कुछ उलझन में रहेगा। परंतु जल्दी ही परिस्थितियां आपके अनुकूल हो जाएंगी, इसलिए धैर्य बनाकर रखें। आज दोस्त की किसी समस्या को सुलझाने में आपका सहयोग जरूरी है।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। अगर बिजनेस बढ़ाने के लिए योजनाएं बना रहे हैं तो उन पर काम करने के लिए अनुकूल समय है। किसी प्रभावशाली इंसान की सलाह और मदद से आपको नई उपलब्धि मिल सकती है।

सिंह राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। परिवार में अपना उचित समय देना वातावरण को मधुर बनाकर रखेगा। आज दिन भर दौड़-धूप और मेहनत की अधिकता रहेगी, परंतु कार्य की सफलता आपकी थकान को दूर भी कर देगी। किसी मित्र की मदद करने से आपका मन शांत रहेगा। इस राशि के युवाओं को अपने करियर संबंधी प्रयासों में मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे।

कन्या राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज इस बात का भी ध्यान रखें, कि भावनाओं में आकर महत्वपूर्ण निर्णय ना ले। माता-पिता अपने बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार बनाकर रखें, क्योंकि ज्यादा अंकुश लगाना उनके आत्मबल में कमी कर सकता है। आज किसी भी तरह की आवाजाही करने से समय और पैसा खर्च हो सकता है।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। आज आलस या दूसरों की वजह से अपने महत्वपूर्ण काम को नजरअंदाज न करें। आर्थिक मामलों में बजट आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। आज समझदारी और सावधानी से काम लेने का समय है। आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप ना करके अपने कार्यों में ही व्यस्त और मस्त रहेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। आज का दिन बहुत ही सुकून भरा रहेगा। परिवार के साथ मनोरंजन और ऑनलाइन शॉपिंग जैसी गतिविधियों में बीतेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। दिन भर भाग-दौड़ की स्थिति रहेगी। कुछ समय आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यतीत करने से मानसिक सुकून मिलेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित मामले में आज परिणाम आपके पक्ष में आने की संभावना है। इस राशि के लोग अपने भविष्य को लेकर गंभीर रहेंगे, आपको जल्दी ही शुभ समाचार भी मिलने वाला है।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज पारिवारिक अथवा व्यक्तिगत कारणों की वजह से व्यवसाय के स्थान पर अधिक समय नहीं दे पाएंगे। परंतु फिर भी फोन द्वारा अधिकतर काम सुचारू रूप से संपन्न हो जाएंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नई ऊर्जा का संचार होगा। रोजमर्रा की दिनचर्या से सुकून पाने के लिए आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनेगा, जिससे तन और मन दोनों प्रफुल्लित रहेंगे। किसी नए कार्य की शुरुआत करने में प्रभावशाली व्यक्ति का उचित सहयोग मिलेगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज कुछ ना कुछ चुनौतियां भी रह सकती हैं। विपरीत परिस्थिति आने पर घबराएं नहीं और समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक हो जाएगा। साथ ही वाणी व गुस्से पर भी नियंत्रण रखेंगे।

# हार्वर्ड पर ट्रम्प के गुस्से के मायने

कृष्णमोहन झा

अमेरिका में एक अंतराल के बाद पुन: राष्ट्रपति की कुर्सी पर आसीन होने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प अपने कई विवादित फैसलों, बयानों और कार्यशैली के माध्यम से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर चुके हैं और यह सिलसिला थमने के अभी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। वे अमेरिका के अंदर और अमेरिका के बाहर की दुनिया को लगातार यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी क्षेत्र में उनकी मर्जी के आगे सबको नतमस्तक होना चाहिए चाहे वह अमेरिका का ही विश्वविख्यात सु प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ही क्यों न हो। इस बार उन्होंने अमेरिका की इस हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के उस प्रबन्धन को अपना कोप भाजन बनाया है जिसने अमेरिका सरकार से संघीय वित्त पोषण के अंतर्गत मिलने वाली आर्थिक मदद पर रोक की परवाह न करते हुए डोनाल्ड ट्रम्प की मांगें स्वीकार करने से दृढ़ता पूर्वक इंकार कर दिया है। ट्रम्प चाहते हैं कि हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में अमेरिकी मूल्यों के विरुद्ध आचरण करने वाले छात्रों की सूचना सरकार को दी जाए , यूनिवर्सिटी अपने विभागों का आडिट किसी बाहरी कंपनी के माध्यम से कराये, हार्वर्ड में विरोध प्रदर्शन में नियमों का उल्लंघन करने के विरुद्ध यूनिवर्सिटी सख्त कार्रवाई करे । इसके अलावा ट्रम्प ने यूनिवर्सिटी से अपनी विविधता समानता और समावेशन की नीति में बदलाव लाने की मांग की । यहूदी विरोधी प्रदर्शनों को सबसे ज्यादा बढ़ावा देने वाले विभागों की सूचना सरकार को देने की मांग भी इनमें शामिल है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट एलन गार्बर ने अमेरिकी राष्टपति की इन मांगों को संस्थान की स्वायत्तता और संप्रभुता में हस्तक्षेप मानते हुए जब उन्हें मानने से दृढ़ता पूर्वक इंकार कर दिया तो ट्रम्प को उनकी यह दृढ़ता यह इतनी नागवार गुजरी कि उन्होंने सरकार की ओर से यूनिवर्सिटी को दिए जाने वाले 2.2 बिलियन डॉलर का फंड रोकने के आदेश जारी कर दिए । इतना ही नहीं ट्रम्प ने यह यूनिवर्सिटी प्रबंधन को यह धमकी भी दी कि वह अगर अपनी नीतियों में बदलाव के लिए तैयार नहीं है तो उसे अपना कर-



मुक्त दर्जा खोकर राजनीतिक इकाई के रूप में काम करना शुरू कर देना चाहिए। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट एलन गार्बर और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच कुछ दिन पूर्व शुरू हुआ यह विवाद अब और गहराता जा रहा है और निकट भविष्य में दोनों के बीच सुलह की संभावनाएं धूमिल होती जा रही हैं । हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अधिकृत समाचार पत्र द क्रिमसन ने कहा कि हार्वर्ड ने सबसे स्पष्ट और सबसे साहसिक संदेश भेजा है। हमारे मूल्य बिक्री के लिए नहीं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के पद पर डोनाल्ड ट्रम्प के पहली बार निर्वाचित होने के पूर्व राष्ट्रपति पद पर लगातार दो कार्यकाल पूर्ण कर चुके बराक ओबामा ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट एलन गार्बर के रुख का समर्थन करते हुए कहा है कि हार्वर्ड ने उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उसने अकादमिक स्वतंत्रता को दबाने के गैर कानूनी और अमानवीय प्रयास को खारिज कर दिया है। ओबामा ने उम्मीद जताई कि अन्य विश्वविद्यालय भी उसका अनुसरण करेंगे ।

गौरतलब है कि 1636 में स्थापित हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने केवल अमेरिका ही नहीं बल्कि सारी दुनिया में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्थान के रूप में अभूतपूर्व ख्याति अर्जित की है।इसकी दस शैक्षणिक इकाइयां हैं जिनसे पढ़ कर निकले प्रतिभाशाली छात्रों ने शिक्षा , साहित्य, राजनीति, विज्ञान सहित अनेक क्षेत्रों में इस संस्थान का नाम रोशन किया है। पूर्व राष्ट्रपति जान एफ कैनेडी, जार्ज डब्ल्यू बुश, बराक ओबामा, हेलन केलर,थियोडोर रूजवेल्ट,मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, रतन टाटा जैसी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हस्तियां ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ कर ही सफलता की आकाशीय ऊंचाईयों को स्पर्श किया। अतीत में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने वाली अनेक महान विभूतियों ने भी हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण की थी यह फेहरिस्त भले ही बहुत लंबी हो लेकिन अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मानते हैं कि अमेरिका के इस विश्व विख्यात शिक्षा संस्थान ने अब दुनिया में टाप यूनिवर्सिटी की किसी भी सूची में शामिल होने का अधिकार खो दिया है क्योंकि यह संस्थान अब अपने रास्ते से भटक गया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने विगत दिनों यहां तक कह दिया कि यह कट्टरपंथी, वामपंथी, मूर्ख और पक्षपाती लोगों को काम पर रख रहा है जो छात्रों और तथाकथित विपक्ष के नेताओं को केवल विफल होना सिखा सकता है। ट्रम्प ने यूनिवर्सिटी पर छात्रों को मूर्खता और नफ़रत सिखाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब इस संस्थान को और फंडिंग नहीं की जानी चाहिए। जाहिर सी बात है कि डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति रहते हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग तभी जारी रह सकती है जबकि यूनिवर्सिटी प्रबंधन ट्रम्प से न केवल क्षमा याचना करने बल्कि उनकी उन शर्तों को मानने के लिए भी तैयार हो जाए जिन्हें यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट एलन गार्बर गैरकानूनी और असंवैधानिक करार दे चुके हैं। बताया जाता है कि अमेरिका के कई दूसरे विश्वविद्यालय भी अब हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के समर्थन में आ खड़े हुए हैं। जाहिर सी बात है कि डोनाल्ड ट्रम्प और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के बीच प्रारंभ हुए इस विवाद का कोई संतोषजनक समाधान तभी निकल सकता है जबकि डोनाल्ड ट्रम्प यूनिवर्सिटी की फंडिंग के बारे में और कठोर फैसले के बिंदु तक पहुंचने के पहले उसके गौरवशाली इतिहास पर भी विचार करें। ट्रम्प को यह तो मानना ही चाहिए कि उनके देश के इस उच्च शिक्षा संस्थान ने सारी दुनिया में अपनी धाक और साख में कभी कमी नहीं आने दी। क्या यह अमेरिका के लिए गौरव का विषय नहीं है।

(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)

# क्या अमेरिका के साथ छात्र वीजा के मुद्दे को उठाएंगे विदेश मंत्री : कांग्रेस



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी आव्रजन अधिवक्ता संघ (एआईएलए) का यह दावा चिंताजनक है कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों के वीजा निरस्तीकरण मामलों में से 50 फीसदी भारतीय छात्रों से संबंधित हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया किक्या विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो के साथ बातचीत में इस मुद्दे को उठाएंगे? रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया,''अमेरिकी आव्रजन अधिवक्ता संघ द्वारा कल जारी किया गया एक प्रेस वक्तव्य भारत के लिए चिंता का विषय है। संगठन द्वारा अब तक एकत्र किए गए अंतरराष्ट्रीय छात्रों के 327 वीजा रद्दमामलों में से 50 प्रतिशत छात्र भारतीय हैं।'' उन्होंने कहा कि वीजा रद्द करने के कारण असंगत और अस्पष्ट हैं तथा इससे छात्रों में डर और आशंका लगातार बढ़ रही है। रमेश ने सवाल किया कि क्या विदेश मंत्री इस मामले को संज्ञान में लेकर अपने अमेरिकी समकक्ष के सामने यह मुद्दा उठाएंगे? विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा था कि अमेरिका में स्थित भारतीय मिशन वीजा रद्द किए जाने से संबंधित मुद्दों का सामना कर रहे भारतीय छात्रों के साथ लगातार संपर्क में हैं और उन्हें यथासंभव सहायता प्रदान कर रहा है।

## हैदराबाद में महिला ने दो बच्चों की ''हत्या'' करने के बाद आत्महत्या की



हैदराबाद (ए.)। हैदराबाद में एक महिला ने नारियल काटने वाले चाकू से अपने दो बेटों की कथित तौर पर हत्या करने के बाद अपने 'अपार्टमेंट' से कूदकर आत्महत्या कर ली। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम इमारत से कूदने के बाद महिला (35) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला का बड़ा बेटा (11) मृत पाया गया जबकि छोटा बेटा (9) गंभीर रूप से घायल था और उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला द्वारा लिखे गए सात पन्नों के सुसाइड नोट से पता चलता है कि वह भावनात्मक रूप से परेशान थी और अपने पति से नाराज थी। उन्होंने यह भी बताया कि महिला और दोनों बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें थीं।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर पर



नई दिल्ली (ए.)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि लगातार छठे सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 89.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर बढ़कर 574.98 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर–अमेरिकी मुद्राओं की घट–बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 63.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 79.99 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 60 लाख करोड़ डॉलर घटकर 18.36 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.50 अरब डॉलर हो गया।

# सुकमा में सुरक्षा बलों के सामने 22 नक्सलियों ने किया सरेंडर, नौ महिलाएं भी शामिल



सुकमा (ए.)। छत्तीसगढ़ के सुकमा में नौ महिला नक्सलियों समेत 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। डीआईजी (सीआरपीएफ) आनंद सिंह राजपुरोहित ने कहा कि नौ महिला नक्सलियों समेत 22 नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से दो नक्सलियों पर 8 लाख रुपये का इनाम है, जबकि दो अन्य पर 5-5 लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इलाके में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है और कैंप बनाए जा रहे हैं, साथ ही सरकार की पुनर्वास नीतियों से प्रभावित होकर नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। राजपुरोहित ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आज आत्मसमर्पण करने वाले सभी लोग मुख्यधारा में शामिल होकर समाज के लिए बेहतर काम करेंगे। आत्मसमर्पण करने वाले 22 नक्सलियों में पांच—पांच लाख रुपए के इनामी किकिड़ देवे (30) और मनोज उर्फ दूधी बुधरा (28) तथा दो—दो लाख रुपए के इनामी माड़वी भीमा (30), माड़वी सोमड़ी (48), संगीता (24), माड़वी कोसी (24), वंजाम सन्नी (24), माड़वी मंगली (35) और ताती बंडी (35) शामिल हैं। वहीं नक्सली पुनेम जोगा पर 50 हजार रुपए का इनाम है। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की नई पुनर्वास नीति के तहत 50—50 हजार रुपए प्रदान किया गया है। उन्हें अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा था कि भारत में सिर्फ चार जिलों तक सीमित नक्सलवाद को अगले साल 31 मार्च तक खत्म कर दिया जाएगा और सीआरपीएफ इस मिशन की रीढ़ है। वह मध्यप्रदेश के नीमच जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 86वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, नक्सलवाद भारत में सिर्फ चार जिलों तक सीमित रह गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 31 मार्च 2026 तक देश से यह समस्या खत्म हो जाएगी। सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) और सीआरपीएफ, खासकर इसकी कोबरा बटालियन देश से नक्सलवाद को खत्म करने में अहम भूमिका निभा रही है।



केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने झारखंड के रामगढ़ जिले में रजरप्पा शक्तिपीठ मंदिर का दौरा किया, जबकि केंद्रीय रक्षा रा%य मंत्री और भाजपा नेता संजय सेठ भी मौजूद थे.

## मन्त्रिमंडल में जाति आधारित सर्वेक्षण रिपोर्ट को लेकर कोई विरोध नहीं हुआ : सिद्धरमैया

बेंगलुरू (ए.)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को दावा किया कि बृहस्पतिवार शाम को मंत्रिमंडल की हुई विशेष बैठक में सामाजिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पर कोई विरोध नहीं हुआ। इस सर्वेक्षण रिपोर्ट को 'जाति जनगणना' के नाम से जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि चर्चा के दौरान मंत्रियों के बीच कोई तीखी बहस नहीं हुई, जैसा कि मीडिया के एक वर्ग द्वारा खबर दी गई है। सिद्धरमैया ने कहा, ''कल इस (जाति जनगणना रिपोर्ट) पर मंत्रिमंडल में चर्चा हुई जो अधूरी रही और चर्चा दूसरे दिन के लिए टाल दी गई। इस विषय पर मंत्रिमंडल की अगली बैठक में चर्चा की जाएगी। किसी ने इसका विरोध नहीं किया है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मीडिया में आई यह खबरें झूठी हैं कि कुछ मंत्रियों के बीच तीखी बहस हुई थी। उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने भी मंत्रिमंडल की बैठक में किसी भी तरह की नोक–झोंक से इनकार किया है।

# गांधी परिवार को कर्मों का फल मिलेगा, जो किया है वो सामने आएगा : सीएम रेखा गुप्ता

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि गांधी परिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में अपने किए की सजा भुगतनी पड़ेगी।

हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मामले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी ने 9 अप्रैल को दाखिल आरोप पत्र में सोनिया गांधी को आरोपी नंबर 1 और उनके बेटे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आरोपी नंबर 2 के तौर पर नामित किया है। मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को होगी।

आईएएनएस से विशेष बातचीत में दिल्ली के सीएम ने कहा, नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार ने जो कुछ भी किया है, उसके लिए उन्हें जवाबदेह होना पड़ेगा।विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत में सोनिया और राहुल पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए।

आरोप पत्र में कांग्रेस के सहयोगी सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और अन्य को भी आरोपी बनाया गया है। भूमि सौदे के मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा व्यवसायी और सोनिया के दामाद रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ पर सीएम गुप्ता ने कहा कि गांधी परिवार को अपने कार्यों के परिणाम भुगतने होंगे।

सीएम गुप्ता ने कहा, जो करम करेगा, उसको भुगतना ही पड़ेगा। गांधी परिवार ने जो किया है, वो उनके सामने आएगा।कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति वाड्रा से हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने लगातार तीन दिनों तक पूछताछ की है।सूत्रों ने बताया कि 2008 के जमीन सौदे की जांच के दौरान कुछ नए तथ्य सामने आने के बाद उन्हें तलब किया गया था। उन्होंने कहा कि अधिकारी उनसे इन नए बिंदुओं पर सवाल पूछ रहे हैं। पीएमएलए के तहत उनका बयान दर्ज किया गया है।आईएएनएस से बातचीत के दौरान दिल्ली की सीएम ने राहुल के साथ मंच साझा करने के वायरल वीडियो के बारे में भी बात की।

## महिलाएं बहुत डरी हुई हैं'मुर्शिदाबाद हिंसा पर एनसीडब्ल्यू प्रमुख की सख्त प्रतिक्रिया, पीड़ितों से करेंगी मुलाकात

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने चिंता जताई है। गुरुवार शाम वह कोलकाता पहुंचीं और कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की खबरें गंभीर हैं और आयोग ने इसका संज्ञान लिया है।राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हमें जानकारी मिली है कि प्रदर्शन के दौरान महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ है। वे डरी हुई हैं। हम खुद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेंगे और पीड़ित महिलाओं से मिलकर उनकी बात सुनेंगे।

उन्होंने बताया कि आयोग ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की है, जिसमें वह स्वयं भी शामिल हैं। विजया रहाटकर आगामी तीन दिनों में हिंसा प्रभावित इलाकों मुर्शिदाबाद और मालदा का दौरा करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला उत्पीड़न किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और इस तरह की घटनाएं बेहद निंदनीय हैं। NCW स्थिति की पूरी रिपोर्ट तैयार कर केंद्र और राज्य सरकार को सौंपेगा।

# रक्षा सचिव ने लंदन में की ड्रोन, निगरानी, डिफेंस स्पेस और विमानन पर चर्चा

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारत और यूनाइटेड किंगडम ने उभरते क्षेत्रीय और वैश्विक भू–राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की है। यह समीक्षा रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के दो दिवसीय लंदन दौरे के दौरान की गई। रक्षा सचिव ने यहां दोनों देशों की आर्मी, नौसेना और वायुसेना के बीच सैन्य संपर्क बढ़ाने पर भी विचार किया। ड्रोन, निगरानी, डिफेंस स्पेस और विमानन को लेकर भी यूनाइटेड किंगडम के साथ चर्चा की गई है।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह 16 और 17 अप्रैल को लंदन की आधिकारिक यात्रा पर थे। इस यात्रा में उन्होंने यूनाइटेड किंगडम के साथ वार्षिक द्विपक्षीय रक्षा वार्ता के लिए एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। यात्रा के दौरान, उन्होंने रक्षा के लिए स्थायी अवर सचिव डेविड विलियम्स के साथ 24वीं भारत–यूके रक्षा सलाहकार समूह की बैठक की सह–अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने उभरते क्षेत्रीय और वैश्विक भू–राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा के साथ–साथ रक्षा संबंधों को गहरा करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता जताई है।

शुक्रवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चर्चा 2021 में घोषित व्यापक रणनीतिक साझेदारी और 2030 के रोडमैप के संदर्भ में हुई, जो दोनों देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाता है। रक्षा सचिव ने यूके के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल के साथ भी बातचीत की, जिसमें तीनों सेनाओं के बीच सैन्य संपर्क का विस्तार करने को लेकर चर्चा हुई। यहां इस बातचीत में दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर फोकस किया गया। रक्षा सचिव ने लंदन में यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल द्वारा आयोजित भारत–यूके रक्षा उद्योग गोलमेज सम्मेलन में प्रतिभागियों को संबोधित किया।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने यहां नौसेना प्रणाली, ड्रोन, निगरानी, डिफेंस स्पेस और विमानन जैसे प्रमुख रक्षा क्षेत्रों में भारतीय स्टार्ट–अप की बढ़ती क्षमताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यूके की कंपनियों को इन भारतीय नवोन्मेषकों के साथ साझेदारी की संभावना तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मुंबई जा रहे दो अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को त्रिपुरा में गिरफ्तार किया गया

अगरतला (ए.)। त्रिपुरा के अगरतला रेलवे स्टेशन से दो अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अगरतला राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के प्रभारी अधिकारी आपस दास ने बताया कि बांग्लादेश के बरिसाल जिले की निवासी नादिया अख्तर (19) और रूपाली अख्तर (38) को बृहस्पतिवार को उस समय पकड़ा गया जब वे कोलकाता जाने वाली रेल गाड़ी में सवार होने जा रहे थे। उन्होंने बताया, ''खुफिया सूचना के आधार पर जीआरपी, जिला पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने संयुक्त अभियान में उन्हें गिरफ्तार कर लिया।'' दास ने बताया, ''पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे दो दिन पहले बिना किसी वैध दस्तावेज के भारत में दाखिल हुए थे और उनकी योजना कोलकाता के रास्ते मुंबई जाने की थी। दास ने कहा कि भारत में प्रवेश करने में उनकी मदद करने वालों की पहचान के लिए जांच चल रही है। उन्होंने कहा, ''मामले में संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# नेशनल हेराल्ड मामला : अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर लगाए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेशनल हेराल्ड अखबार मामले में कांग्रेस पार्टी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। इसे कांग्रेस का भ्रष्टाचार मॉडल करार दिया।सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने 90 करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर यंग इंडियन कंपनी को मात्र 50 लाख रुपये में ही 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति हस्तांतरित कर दी।ठाकुर ने सवाल उठाया कि क्या कोई राजनीतिक दल इस तरह कर्ज दे सकता है और अगर कर्ज दिया गया तो क्या उस पर ब्याज लिया गया? ठाकुर ने कहा कि नेशनल हेराल्ड, जो पहले एक दैनिक अखबार था, अब नियमित रूप से प्रकाशित नहीं होता। फिर भी, कांग्रेस शासित राज्यों की सरकारें इसे भारी मात्रा में विज्ञापन दे रही हैं।उन्होंने अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि बड़े दैनिक अखबारों को कम राशि मिलती है, जबकि नेशनल हेराल्ड को चांदी के सिक्के दिए जाते हैं। उन्होंने पूछा, क्या यह अखबार कांग्रेस का एटीएम बन गया है? प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट का हवाला देते हुए ठाकुर ने कहा कि इसमें अपराध की तारीख, समय, स्थान और लेनदेन से जुड़े तथ्य दर्ज हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासित राज्य जनता के टैक्स के पैसे से नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन के रूप में धन दे रहे हैं। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ और अन्य शहरों में अखबार को सब्सिडी दरों पर दी गई अरबों रुपये की संपत्तियों का जिक्र करते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इनका किराया उचित रूप से लिया जा रहा है या यह भी फर्जी है?

ठाकुर ने कांग्रेस पर वादाखिलाफी का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने न महिलाओं को वादा किया पैसा दिया, न कर्मचारियों को डीए की किश्त, और न ही गोबर या दूध खरीदने के वादे पूरे किए। फिर भी, नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन के लिए धन देने में कोई कमी नहीं की जा रही।उन्होंने यंग इंडियन कंपनी पर निशाना साधते हुए कहा कि इसमें कांग्रेस के दो पूर्व राष्टीय अध्यक्षों की 76 फीसदी हिस्सेदारी है।ठाकुर ने पूछा कि अगर कर्ज माफ करना ही था, तो नेशनल हेराल्ड की मूल कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) का कर्ज क्यों नहीं माफ किया गया?उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि 1000 से अधिक शेयरधारकों के हितों का क्या हुआ?

## पंजाब के दो हथियार तस्कर गिरफ्तार, पांच अवैध पिस्टल मय मैग्जीन जब्त

चित्तौड़गढ़ ,(आरएनएस)। चित्तौड़गढ़ जिले की कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने गुरुवार को हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब के दो हथियार तस्करों अवतार सिंह पुत्र करनेल सिंह एवं जसवीर ठाकुर पुत्र रणजिन्दर सिंह (25) निवासी गढ़शकर जिला होशियारपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच अवैध पिस्टल मय मैग्जीन जब्त की है। इन्होंर एक ट्रक चालक को धोखे में रख अपने बैग व कपड़ो में पिस्टल छिपाकर लिफ्ट ली थी। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों पर नजर रख व धरपकड़ करने के उद्देश्य से एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के सुपरविजन में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा राम सुमेर मीणा के निर्देश पर एएसआई सूरज कुमार व हैड कांस्टेबल हरविन्दर सिंह, कांस्टेबल रामचन्द्र, हेमन्त, रामकेश, राकेश, विजयसिंह, शिशपाल, सुरेन्द्र पाल, विक्रम व बहादूर सिंह द्वारा निम्बाहेडा बाईपास हाईवे रोड़ पर नाकाबंदी की जा रही थी।



त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की.

## कर्नाटक सरकार जल्द लाएगी रोहित वेमुला एक्ट, राहुल के लेटर पर आया सिद्धारमैया का रिएक्शन

नई दिल्ली (ए.)। शिक्षा में जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विधायी कार्रवाई के आह्वान को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से त्वरित समर्थन मिला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सिद्धारमैया ने घोषणा की कि राज्य सरकार सामाजिक न्याय को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए जल्द से जल्द 'रोहित वेमुला अधिनियम' पेश करेगी। मैं राहुल गांधी को उनके हार्दिक पत्र और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार कर्नाटक में रोहित वेमुला अधिनियम लागू करने के अपने संकल्प पर अडिग है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी छात्र को जाति, वर्ग या धर्म के आधार पर भेदभाव का सामना न करना पड़े। सिद्धारमैया ने कहा कि हम रोहित, पायल, दर्शन और अनगिनत अन्य लोगों के सपनों का सम्मान करने के लिए जल्द से जल्द यह कानून लाएंगे, जो सम्मान के हकदार थे। यह डॉ. बीआर अंबेडकर के समान, दयालु भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम होगा।

# अदिति से हुई थी ट्रेन में छेड़छाड़, आहत करने वाला रहा पुलिस का बर्ताव



मुंबई (ए.)। हाल ही में एक्ट्रेस अदिति पोहनकर ने अपने जीवन से जुड़ा एक ऐसा किस्सा साझा किया, जिसने सभी को झकझोर कर रख दिया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह 11वीं कक्षा में पढ़ती थीं, तब एक बार मुंबई लोकल ट्रेन में उनके साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी।

उन्होंने पुलिस से इसकी शिकायत की, लेकिन जिस तरह का बर्ताव पुलिस ने उनके साथ किया, उसने उन्हें और भी ज्यादा आहत कर दिया। वेब सीरीज 'आश्रम' में पम्मी पहलवान का दमदार किरदार निभाकर घर-घर पहचान बनाने वाली अदिति ने बताया कि वह रोज की तरह फर्स्ट क्लास डिब्बे से सफर कर रही थीं, जिसमें स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर छात्रों को यात्रा की अनुमति होती है। उसी दौरान एक स्कूली लड़का डिब्बे में आया और अचानक उनके ब्रेस्ट को गलत तरीके से छू लिया।

यह घटना इतनी असहज और चौंकाने वाली थी कि अदिति तुरंत अगले स्टेशन पर उतर गईं और पुलिस के पास पहुंचीं। उन्होंने महिला कांस्टेबल को पूरी घटना बताई, लेकिन पुलिस ने उनसे पूछा, कुछ ज्यादा हुआ है क्या? इस पर अदिति ने कहा, ज्यादा क्या चाहिए, मुझे मानसिक रूप से परेशान किया गया है। जब वो पुलिस के साथ वापस उस जगह पहुंचीं तो लड़का अब भी वहां खड़ा था और किसी और महिला के साथ वैसी ही हरकत की कोशिश कर रहा था।

अदिति ने तुरंत इशारा करते हुए कहा कि यही लड़का है जिसने उनके साथ बदतमीजी की थी, लेकिन पुलिस ने उनसे पूछा, क्या सबूत है तेरे पास? इस पर अदिति ने गुस्से में खुद लड़के का कॉलर पकड़ लिया और चिल्लाईं, और किसी के साथ करेगा? अब बोल इन सबके सामने। तब जाकर वह लड़का डर के मारे सच बोल पड़ा। अदिति ने बताया कि इस घटना ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया था। उनका मानना है कि ऐसे मामलों में अक्सर पीड़िताओं को ही शक की नजर से देखा जाता है, जो और भी ज्यादा दर्दनाक होता है।

### 'जब वी मेट' के लिए बॉबी ने इन तीन लोगों को किया था राजी, फिर भी नहीं मिल पाई थी फिल्म

एक बार सनी देओल ने बताया था कि फिल्म 'डर' में सुपरस्टार शाहरुख खान के लिए रास्ता बनाने के लिए उन्हें दरकिनार कर दिया गया था। अब उनके भाई बॉबी देओल ने बताया है कि कैसे उन्हें 'जब वी मेट' फिल्म से बाहर कर दिया गया था। पहले करीना कपूर ने इस फिल्म को करने से मना कर दिया था। बॉबी देओल ने निर्माता को इम्तियाज अली के साथ काम करने के लिए मनाया था।

**बॉबी देओल ने निर्माता को मनाया**

इंस्टैंट बॉलीवुड से बात करते हुए बॉबी देओल ने बताया 'मैंने उस फिल्म (जब वी मेट) को बनाने के लिए बहुत मेहनत की; मैंने बहुत से लोगों से संपर्क किया।'

## मैं अपने लिए काम करती हूं : ईशा मालवीय


मुंबई (ए.)। एक्ट्रेस ईशा मालवीय का कहना है कि उन्हें कैमरे के सामने हर किरदार निभाने में बेहद खुशी मिलती है। टीवी और म्यूजिक वीडियो के जरिए दर्शकों का दिल जीत चुकीं ईशा का मानना है कि वह एक वर्सेटाइल एक्ट्रेस हैं, जो किसी भी भूमिका में पूरी तरह ढल सकती हैं।



उन्होंने बताया कि उन्हें किसी भी किरदार को निभाते समय कभी झिझक महसूस नहीं होती, चाहे वह उनकी निजी जिंदगी से मेल खाता हो या बिल्कुल विपरीत हो। ईशा ने कहा कि अभिनय उनके लिए सिर्फ काम नहीं बल्कि जुनून है और हर किरदार उनका आत्मविश्वास बढ़ाता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें खुद से अलग किरदार निभाने में ज्यादा चुनौती महसूस होती है, तो उन्होंने जवाब दिया कि वह किसी भी भूमिका को निभाने से नहीं डरतीं। उनके मुताबिक, वह अपने काम को लेकर कभी दबाव में नहीं आतीं, क्योंकि वह जानती हैं कि सभी को खुश करना संभव नहीं है। ईशा कहती हैं कि वह अपने काम के जरिए किसी को कुछ साबित करने की कोशिश नहीं करतीं, बल्कि सिर्फ अपने लिए काम करती हैं। अपने करियर की दिशा पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनके लिए स्पष्ट लक्ष्य होना बेहद जरूरी है।

चाहे वह लक्ष्य 30 दिन का हो, 30 महीनों का या फिर 30 सालों का उनके पास हमेशा एक दिशा होती है जो उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। ईशा की यही सोच उन्हें बाकी कलाकारों से अलग बनाती है। गौरतलब है कि ईशा मालवीय ने 2021 में टीवी शो 'उड़ारियां' से अभिनय की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने जैस्मीन की भूमिका निभाई थी। इस शो में उनके साथ अंकित गुप्ता और प्रियंका चाहर चौधरी भी नजर आए थे। इसके बाद 2023 में वह सलमान खान के शो 'बिग बॉस 17' का हिस्सा बनीं।

## अक्षय कुमार की बहन अलका भाटिया बनी तीन बच्चों की सौतेली मां



मुंबई (ए.)। ग्लैमर की दुनिया से दूर रहने वाली एक्टर अक्षय कुमार की बहन अलका भाटिया ने न केवल दो बार शादी की, बल्कि एक करोड़पति बिजनेसमैन की पत्नी और तीन बच्चों की सौतेली मां भी बन गईं। अलका भाटिया एक फिल्म निर्माता हैं और लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करती हैं। साल 1997 में उन्होंने वैभव कपूर से शादी की थी। इस शादी से उन्हें एक बेटी सिमर भाटिया हुई, लेकिन समय के साथ उनके रिश्ते में दरार आने लगी। अंततः दोनों ने तलाक ले लिया और अलका ने बेटी की परवरिश अकेले करने का फैसला किया। तलाक के बाद अलका की जिंदगी में सुरेंद्र हीरानंदानी की एंट्री हुई। 2012 में जब अलका 40 साल की थीं और सुरेंद्र 55 के, तब दोनों ने शादी करने का फैसला किया। इस रिश्ते के खिलाफ परिवार के कुछ सदस्य थे, लेकिन अलका ने अपने दिल की सुनी और कदम पीछे नहीं खींचे। यह सुरेंद्र की भी दूसरी शादी थी। इससे पहले वह प्रीति हीरानंदानी के साथ शादीशुदा थे और तीन बच्चों नेहा, कोमल और हर्ष के पिता हैं। दूसरी शादी के बाद अलका तीन बच्चों की सौतेली मां बन गईं। सुरेंद्र हीरानंदानी का नाम भारत के प्रमुख रियल एस्टेट कारोबारियों में गिना जाता है। वह हाउस ऑफ हीरानंदानी ग्रुप के संस्थापक हैं और अपने भाई निरंजन के साथ मिलकर पवई, मुंबई में 250 एकड़ में फैला हीरानंदानी गार्डन प्रोजेक्ट खड़ा किया। 2018 में फोर्ब्स ने उनकी संपत्ति 1.3 बिलियन डॉलर यानी करीब 11,306 करोड़ रुपये आंकी थी।

अलका भाटिया की जिंदगी इस बात की मिसाल है कि मुश्किलों से लड़ते हुए भी कोई अपने जीवन को दोबारा खूबसूरती से जी सकता है। चाहे निजी संघर्ष हों या सामाजिक चुनौतियां, उन्होंने अपने फैसलों में मजबूती और आत्मविश्वास दिखाया।

बता दें कि अक्षय कुमार की निजी जिंदगी को लेकर तो अक्सर चर्चा होती रहती है, लेकिन उनकी बहन अलका भाटिया की कहानी उतनी ही दिलचस्प है, जितनी फिल्मी दुनिया की कोई स्क्रिप्ट।

## फैशन की दुनिया में भी अपनी छाप छोड़ रही कृष्णा श्रॉफ



मुंबई (ए.)। फिटनेस के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुकी कृष्णा श्रॉफ अब फैशन की दुनिया में भी अपनी छाप छोड़ रही हैं। उनका सोशल मीडिया प्रोफाइल यह साबित करता है कि वह फैशन में हमेशा आगे रहती हैं और उनके वार्डरोब में हर तरह के लुक्स मौजूद हैं, जो किसी भी लड़की के लिए आदर्श हो सकते हैं।

कृष्णा का फैशन हमेशा आरामदायक और स्टाइलिश होता है। हाल ही में उन्होंने एक स्ट्रेच फ्लोरल लेस ड्रेस पहनी थी, जिसमें उनका फिगर-हगिंग सिल्हूट पूरी तरह से आकर्षक लग रहा था। इस ड्रेस में स्वीपिंग गोडेट स्कर्ट और फ्लूटेड कफ्स थे, जो उन्हें बेहद एलिगेंट और फेमिनिन लुक दे रहे थे। इस लुक में वह किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही थीं। इसके अलावा, कृष्णा के बिकिनी और स्विमसूट लुक्स भी बहुत चर्चित रहते हैं। वह अपनी छुट्टियों में आम तौर पर स्विमसूट और बिकिनी पहनकर आराम करती हैं, जो उनकी बीच बेबी स्टाइल को दर्शाता है।

हाल ही में उन्होंने एलारिया ऑस्ट्रेलिया ओशन ब्रीज़ स्ट्रैपलेस वन-पीस स्विमसूट पहना, जिसे उन्होंने ज़ारा की रंगीन पैचवर्क रफ़ल स्कर्ट के साथ स्टाइल किया था। उनका यह लुक बहुत ही कूल और आरामदायक था। कृष्णा के फैशन का एक और पहलू उनके यात्रा लुक्स हैं। वह हमेशा आराम और स्टाइल के बीच बेहतरीन बैलेंस बनाती हैं। गर्मियों में, उनके कंफर्टेबल आउटफिट्स, जैसे ढीली पैंट्स और क्रोशे क्रॉप टॉप, एकदम परफेक्ट होते हैं। छुट्टियों के दौरान उनके क्यूट और कैजुअल लुक्स भी बहुत ही आकर्षक होते हैं।

## 89 की उम्र में भी प्रशंसकों को हमेशा प्रेरित करते हैं धर्मेंद्र



मुंबई(ए.)। अभिनेता धर्मेंद्र उम्र के इस पड़ाव में भी दमदार हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह जिम में वर्कआउट करते नजर आए। धर्मेंद्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "दोस्तों, मैं आपका मनोरंजन करने और आपको प्रेरित करने के लिए हूं... आप सभी को ढेरों प्यार, खुश रहो, स्वस्थ रहो और मजबूत रहो।" वहीं, वीडियो में अभिनेता कहते नजर आए, दोस्तों, मैंने एक्सरसाइज, फिजियोथेरेपी फिर से शुरू कर दी है। मुझे पता है, आप सभी मुझे यहां देखकर बहुत खुश होंगे। सामने आए वीडियो में धर्मेंद्र एक्सरसाइज करते दिखे। यह कोई पहली बार नहीं है, जब अभिनेता अपने प्रशंसकों को प्रेरित करते नजर आए। इससे पहले एक वीडियो में वह अपने फार्म हाउस के छोटे-से स्विमिंग पूल के अंदर वाटर एरोबिक्स करते दिखे थे। अभिनेता का मानना है कि सेहत ऊपर वाले की दी हुई कृपा है। इसका हम सभी को ध्यान रखना चाहिए।

## इस वजह से 'ड्रीम गर्ल 2' का हिस्सा नहीं बन पाईं नुसरत भरूचा, निर्देशक ने किया खुलासा



अयुष्मान खुराना की फिल्म 'ड्रीम गर्ल' में बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा थीं। लेकिन 'ड्रीम गर्ल 2' में उनकी जगह पर अनन्या पांडे को लिया गया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में नुसरत भरूचा ने फिल्म में उन्हें न लिए जाने पर दुख जताया था। टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ बातचीत में फिल्म के निर्देशक राज शांडिलिया ने नुसरत के बयान पर चुप्पी तोड़ी है।

**इसलिए बदल दी फिल्म की कास्ट**

राज शांडिलिया ने बताया कि अयुष्मान खुराना, मनोज सिंह और अनु कपूर को फिल्म में क्यों रखा गया है। उन्होंने बताया कि ड्रीम गर्ल 2 सीक्वल नहीं है बल्कि फ्रेंचाइजी फिल्म है। अगर ये सीक्वल होती तो नुसरत को इसमें लिया जाता। जब नुसरत और आयुष्मान मिल गए तो ड्रीम गर्ल की कहानी खत्म हो गई। हम दूसरी स्टोरी बताना चाहते थे, इसलिए अनन्या पांडे, आयुष्मान खुराना और अनु कपूर को लिया है।

**निर्देशक ने नुसरत भरूचा को दी सफाई**

फिल्म निर्माता ने आगे बताया कि इसमें निराश होने वाली कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा 'नुसरत ने एक बार हमसे पूछा था कि मैं ड्रीम गर्ल 2 का हिस्सा क्यों नहीं हूं? मैंने उनको भी यही जवाब दिया था। मैंने उन्हें बताया था कि कहानी के हिसाब से हम नई लड़की चाहते थे। इसमें मायूस होने वाली कोई बात नहीं है। जब हम तीसरा पार्ट बनाएंगे, तो इसमें दूसरी लड़की को लेंगे।' निर्देशक ने नुसरत को अपनी दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि वह नई फिल्म के लिए उनसे संपर्क करेंगे।

**नुसरत भरूचा ने क्या कहा था?**

नयनदीप रक्षित के साथ बातचीत में, नुसरत ने ड्रीम गर्ल 2 में अनन्या पांडे को लिए जाने के बारे में कहा 'इससे मुझे और भी ज्यादा दुख हुआ कि मैं अपने ही सीक्वल का हिस्सा नहीं हूं। फिल्म में हर दूसरा कलाकार वही है, सिर्फ लड़की को छोड़कर। ठीक है, कोई समस्या नहीं है। मैं किसी ऐसी चीज से नहीं लड़ सकती जिसके बारे में मुझे पता है कि वह बदलने वाली नहीं है।'

## पहली बार पीरियड ड्रामा में नजर आईं अनन्या पांडे, केसरी 2 से पहले कॉमेडी-एक्शन जॉनर में किया काम

अनन्या पांडे जल्द ही अपनी पहली पीरियड ड्रामा फिल्म 'केसरी 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग' में अक्षय कुमार और आर. माधवन के साथ नजर आई हैं। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली है और जलियांवाला बाग नरसंहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है। अनन्या ने इसमें दिलरीत गिल नामक किरदार निभाया है, जो एक वकील की भूमिका में अक्षय कुमार के किरदार का समर्थन करती दिखीं। यह पहली बार है, जब अनन्या ने ऐतिहासिक ड्रामा जॉनर में कदम रखा है। इससे पहले उन्होंने रोमांटिक कॉमेडी, ड्रामा, एक्शन, और थ्रिलर जैसी अलग जॉनर में काम किया है। आइए, उनके अब तक के फिल्मी करियर, किरदारों, और फिल्मों के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर नजर डालते हैं।



**रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा जॉनर की फिल्में**

स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 (2019)

अनन्या की यह डेब्यू फिल्म थी, जिसमें उनकी स्क्रीन प्रेजेंस को सराहा गया। हालांकि, समीक्षकों ने फिल्म की कहानी को कमजोर बताया। फिल्म ने पहले दिन 12.06 करोड़ रुपये कमाए, जो टाइगर श्रॉफ की दूसरी सबसे बड़ी ओपनर थी। कुल मिलाकर, इसने भारत में लगभग 70.87 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड 98.16 करोड़ रुपये कमाए। यह औसत प्रदर्शन वाली फिल्म रही। अनन्या को इस फिल्म के लिए फिल्मफेयर बेस्ट फीमेल डेब्यू अवॉर्ड मिला।

**पति पत्नी और वो ( 2019 )**

फिल्म में अनन्या की परफॉर्मेंस को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही, जिसने भारत में 86.66 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड 117.70 करोड़ रुपये यानी 1.15 बिलियन रुपये कमाए। यह अनन्या की पहली कमर्शियल सक्सेस थी।

**ड्रीम गर्ल 2 ( 2023 )**

इस फिल्म में समीक्षकों ने अनन्या के रोल को सीमित बताया। यह फिल्म अनन्या की सबसे बड़ी हिट रही, जिसने भारत में 103.81 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड 140.56 करोड़ रुपये कमाए। यह उनकी पहली 100 करोड़ क्लब वाली फिल्म थी।

**एक्शन ड्रामा जॉनर की फिल्में**

**खाली पीली ( 2020 )**

अनन्या ने इस रोल के लिए बंबइया लहजा सीखा, जिसे कुछ दर्शकों ने सराहा, लेकिन फिल्म की कमजोर स्क्रिप्ट ने उनके किरदार को प्रभावित किया। कोविड-19 के कारण यह फिल्म सिनेमाघरों की बजाय जी प्लेक्स पर रिलीज हुई, इसलिए इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन उपलब्ध नहीं है। हालांकि, इसे औसत प्रतिक्रिया मिली। अनन्या ने इस फिल्म में पहली बार एक्शन सीन किए, जो उनके लिए नया अनुभव था।

**लाइगर ( 2022 )**

अनन्या की परफॉर्मेंस को समीक्षकों ने कमजोर बताया। उनके पिता चंकी पांडे ने खुलासा किया कि अनन्या शुरुआत में इस रोल को लेकर हिचक रही थीं, क्योंकि उन्हें लगा कि वह इस किरदार के लिए बहुत छोटी थीं। फिल्म को भी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही, जिसने भारत में केवल 48.58 करोड़ रुपये कमाए। इसके साथ ही अनन्या 'गहराइयां' (2022),'खो गए हम कहां' (2023) जैसी रोमांटिक ड्रामा फिल्में और 'कंट्रोल'(2024) जैसी थ्रिलर फिल्म कर चुकी हैं। वहीं, अनन्या 'कॉल मी बे' (2025) कॉमेडी फिल्म में भी नजर आईं।

## सनराइजर्स हैदराबाद की 5वीं हार पर भड़के कप्तान कमिंस, वानखेड़े की पिच पर दिया चौंकाने वाला बयान

मुंबई,( आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में पिछले सीजन की उप विजेता सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को गुरुवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ सीजन की 5वीं हार का सामना करना पड़ा. एसआरएच के कप्तान पैट कमिंस ने इस हार के बाद खुलकर बात की. इस हार के लिए कमिंस ने बल्लेबाजों को जिम्मेदार ठहराया. उन्होंने कहा वानखेड़े की पिच पहले जैसी तेज नहीं थी और साथ ही कहा कि एमआई के गेंदबाजों की तारीफ की.हार के बाद, सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस ने अपने प्रदर्शन पर विचार करते हुए कहा कि यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था और अंत में कुछ रन कम बन पाए. कमिंस ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा, यह सबसे आसान विकेट नहीं था. कुछ रन कम थे, हम बल्लेबाजी में कुछ और रन बनाना चाहते थे. मुश्किल विकेट, जब आप यहां आते हैं तो आप उम्मीद करते हैं कि यह वास्तव में तेज होगा, लेकिन ऐसा नहीं था. उन्होंने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, हमारे कई हिटिंग क्षेत्रों को बंद कर दिया. मुझे लगा कि हमने अपने सभी बेस कवर कर लिए हैं, 160 के साथ, आपको लगता है कि आप थोड़ा कम रन बना पाए.

उन्होंने कहा, हमने गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया. हमें लगा कि हमें विकेट की जरूरत है, हमारे पास डेथ बॉलिंग के लिए काफी कुछ था, हम जानते थे कि प्रभावशाली खिलाड़ी 1-2 ओवर गेंदबाजी करेगा, इसलिए हमने राहुल को चुना. फाइनल में जगह बनाने के लिए आपको घर से बाहर अच्छा खेलना होगा, दुर्भाग्य से इस सीजन में अब तक यह काम नहीं आया है, हमारे पास एक छोटा ब्रेक है और हम फिर से खेलेंगे.

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद टीम की शुरुआत खराब रही क्योंकि दोनों सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा को रन बनाने में दिक्कत हुई. अभिषेक ने 20 गेंदों पर 40 रन बनाने में सफल रहे. हालांकि, हेड 29 गेंदों पर सिर्फ 28 रन ही बना पाए. अंत में हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा ने क्रमशः 37 और नाबाद 18 रन बनाए और इसकी बदौलत हैदराबाद ने 162 रन बनाए.

163 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने की बारी आई तो मुंबई की शुरुआत खराब रही. स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने एक बार फिर निराश किया और वो 26 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद रयान रिकल्टन (31), विल जैक्स (36) सूर्यकुमार यादव (26), तिलक वर्मा (21) और हार्दिक पांड्या (21) के बल्ले से महत्वपूर्ण योगदान की बदौलत मुंबई ने मैच 4 विकेट से जीत लिया और प्वाइंट्स टेबल में 7वें स्थान पर पहुंच गई.

## पाकिस्तान ने भारत में होने वाले महिला वर्ल्ड कप के लिए किया क्वालीफाई

### -हाइब्रिड मॉडल में होगा टूर्नामेंट

नई दिल्ली,( आरएनएस)। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने भारत में होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है. उन्होंने गुरुवार, 17 अप्रैल को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रोमांचक मुकाबले में थाईलैंड को 87 रनों से हराकर क्वालीफायर में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की.

इसके साथ, यह तय हो गया कि इस साल के अंत में भारत में होने वाला आगामी महिला वर्ल्ड कप हाइब्रिड मॉडल में खेला जाएगा, क्योंकि अब पाकिस्तान भी टूर्नामेंट का हिस्सा होगा. हाइब्रिड मॉडल के तहत इस मेगा इवेंट में पाकिस्तान अपने सभी मैच अन्य स्थानों पर खेलेगा.

आपको याद दिला दें कि, आईसीसी मेंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मेजबान पाकिस्तान था. लेकिन, सुरक्षा संबंधी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया. इसी दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच यह हल निकाला गया कि दोनों देश आईसीसी प्रतियोगिता में भी एक-दूसरे के देश की यात्रा नहीं करेंगे और हाइब्रिड मॉडल के तहत तटस्थ स्थान पर अपने मुकाबले खेलेंगे.

# आईपीएल में आज होगा टाइटंस और कैपिटल्स के बीच मुकाबला

### दोपहर 3:30 पर शुरु होगा मैच

अहमदाबाद (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच कड़ी टक्कर होना तय है ।इसका कारण है कि दिल्ली की टीम अब तक एक ही मैच हारी है और उसे छह मैचों के बाद 10 अंक हैं और वह शीर्ष पर है जबकि गुजरात की टीम चार जीत के साथ ही 8 अंक लेकर दूसरे नंबर पर है। दोनो ही टीमों ने अब तक जबरदस्त बल्लेबाजी की है। दिल्ली की टीम की कमान अक्षर पटेल के पास जबकि गुजरात की शुभमन गिल के पास है। गुजरात की टीम को इस मैच में घरेलू मैदान का लाभ मिल सकता है। यहां की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल रहती है , इसलिए इस मैदान पर बड़े स्कोर बनने तय हैं। इस पिच पर अच्छी उछाल मिलने के कारण बल्लेबाज के लिए शॉट खेलना काफी आसान रहता है। हालांकि, जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है पिच धीमी होने लगती है, जिससे गेंदबाजों के पास भी अच्छा अवसर रहता है। ऐसे में कुल मिलाकर देखा जाये तो पिच में बल्लेबाजों के अलावा गेंदबाजों के लिए भी अवसर हैं। इस मैदान पर तेज गेंदबाज स्पिनरों से अधिक प्रभावी होते हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराया




था जिससे वह इस मैच में बड़े हुए मनोबल से उतरेगी। वहीं, गुजरात को पिछले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसके ऊपर दबाव रहेगा जिससे वह उबरना चाहेगी। ऐसे में इस मैच में दिल्ली का पलड़ा भारी नजर आता है। दिल्ली की बल्लेबाजी करुण नायर, केएल राहुल , ट्रिस्टन स्टब्स, कप्तान अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा जैसे बल्लेबाजों पर आधारित रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और मोहित शर्मा के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव, अक्षर पर आधारित रहेगी।

वहीं दूसरी ओर गुजरात की बल्लेबाज कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्शन पर आधारित रहेगी। सुदर्शन ने इस आईपीएल सत्र में 300 से अधिक रन बनाये हैं। वहीं उसकी गेंदबाजी मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा स्पिनर साई किशोर पर आधारित रहेगी।

**दोनो ही टीमों की अंतिम ग्यारह इस प्रकार है**

गुजरात टाइटंस

शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, अरशद खान, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, इम्पैक्ट प्लेयर- शेरफेन रदरफोर्ड।

दिल्ली कैपिटल्स

अक्षर पटेल (कप्तान) , जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपरज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, इम्पैक्ट प्लेयर- मुकेश कुमार।

## बीसीसीआई ने रोहित शर्मा को दिया स्पेशल गिफ्ट, कोहली-धोनी को भी मिल चुका है ये सम्मान

मुंबई,( आरएनएस)। आईपीएल 2025 का 33वां मैच मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया. जिसमें मुंबई ने हैदराबाद को 4 विकेट से हरा दिया है. मैच शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को बीसीसीआई द्वारा सम्मानित किया गया।




रोहित शर्मा के आईपीएल में 18 साल पूरे होने पर बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने उन्हें स्पेशल मेमोंटो दिया. जिसके एक वीडियो आईपीएल के एक्स अकाउंट पर शेयर किया गया है, जिसके कैप्शन में लिखा है कि मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा को बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी से विशेष स्मृति चिन्ह प्राप्त हुआ।

बता दें कि आईपीएल 2025 में ऐसा सम्मान पाने वाले रोहित शर्मा तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं. इससे पहले आईपीएल में 18 साल पूरा करने की वजह से विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी को भी सम्मानित किया जा चुका है. रोहित शर्मा, विराट कोहली, मनीष पांडे और महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के पहले सीजन (2008) से लीग का हिस्सा हैं. रोहित शर्मा ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत डेक्कन चार्जर्स हैदराबाद से की थी, जो अब सनराइजर्स हैदराबाद हो गई है. पहले 3 सीजन वो इसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे थे।

इसके बाद रोहित मुंबई इंडियंस से जुड़ गए और 2011 से वो लगातार मुंबई के लिए खेल रहे हैं. अब तक 6 बार आईपीएल की ट्रॉफी उठा चुके हैं, पांच बार मुंबई के लिए और एक बार हैदराबाद के लिए खेलते हुए.

रोहित शर्मा आईपीएल में अब तक 262 मैचों की 257 पारियों में 29.31 की औसत से 6684 रन बना चुके हैं, जिसमें 2 शतक और 43 अर्धशतक भी शामिल हैं।

## बीसीसीआई ने रोहित शर्मा को दिया स्पेशल गिफ्ट, कोहली-धोनी को भी मिल चुका है ये सम्मान

मुंबई, (आरएनएस)। आईपीएल 2025 का 33वां मैच मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया. जिसमें मुंबई ने हैदराबाद को 4 विकेट से हरा दिया है. मैच शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को बीसीसीआई द्वारा सम्मानित किया गया.

रोहित शर्मा के आईपीएल में 18 साल पूरे होने पर बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने उन्हें स्पेशल मेमोंटो दिया. जिसके एक वीडियो आईपीएल के एक्स अकाउंट पर शेयर किया गया है, जिसके कैप्शन में लिखा है कि मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा को बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी से विशेष स्मृति चिन्ह प्राप्त हुआ।

बता दें कि आईपीएल 2025 में ऐसा सम्मान पाने वाले रोहित शर्मा तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं. इससे पहले आईपीएल में 18 साल पूरा करने की वजह से विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी को भी सम्मानित किया जा चुका है.

रोहित शर्मा, विराट कोहली, मनीष पांडे और महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के पहले सीजन (2008) से लीग का हिस्सा हैं।

## मुंबई ने हैदराबाद को 4 विकेट से हराया, इस सीजन दर्ज की अपनी तीसरी जीत

मुंबई,( आरएनएस)। वानखेड़े स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 4 विकेट से हरा दिया है. गेंदबाजों की बदौलत मुंबई ने हैदराबाद को पहले 162 पर रोका और फिर 18.1 ओवर में 163 रनों के लक्ष्य को चेज करके इस सीजन में अपनी तीसरी जीत दर्ज करने में कामयाब रहा।


विल जैक्स को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड के लिए चुना गया, क्योंकि उन्होंने मुंबई की ओर से शानदार ऑलराउंडर खेल का प्रदर्शन किया. जैक्स ने 3 ओवर में 14 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट (इशान किशन, ट्रेविस हेड) झटके और 26 गेंद में 36 रनों की शानदार पारी भी खेली, जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल थे. विल जैक्स के अलावा रिकेल्टन 31, रोहित 26, सूर्यकुमार 26, तिलक वर्मा 21 और हार्दिक ने 21 रनों की पारी खेली।

इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस के 6 अंक हो गए हैं और वो अंक तालिका में अब भी 7वें नंबर पर ही है. वहीं दूसरी ओर हैदराबाद 5 हार और 2 जीत के साथ अंक तालिका में 9वें नंबर पर है. पहले नंबर पर 10 अंक के साथ दिल्ली काबिज है जबकि चिन्नई 4 प्वाइंट्स के साथ सबसे निचले पायदान पर बनी हुई है.

इससे पहले कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किय, और अपने इस फैसले को सही भी साबित किया जब मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों ने परिस्थितियों का बेहतरीन इस्तेमाल किया और शुरुआत से ही सनराइजर्स के बल्लेबाजों को खुलकर रन नहीं बनाने दिए. विल जैक्स ने अपने तीन ओवरों में 2-14 विकेट लिए, जबकि जसप्रीत बुमराह (1-21), ट्रेंट बोल्ट (1-29) और हार्दिक पांड्या (1-42) अन्य सफल गेंदबाज रहे। हैदराबाद, जिसने अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर 246 रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया था, वह वानखेड़े में कुछ खास नहीं कर सके, और उन्होंने छह ओवर में बिना किसी नुकसान के 46 रन पर पावर-प्ले समाप्त किया. अभिषेक ने 28 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 40 रन बनाए, जबकि ईशान किशन दो रन पर आउट हो गए। ट्रेविस हेड 29 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हुए, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी 19 रन बनाकर ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर आउट हो गए. क्लासेन ने 18वें ओवर में चाहर की गेंद पर कवर-पॉइंट पर छक्का लगाया और उसके बाद दो चौके और एक और छक्का लगाया, जिससे इस ओवर में 21 रन बने, जो इस मैच में एक ओवर में सबसे ज्यादा रन था।

## आईपीएल : हेड सबसे अधिक स्ट्राइक रेट से 1000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

मुम्बई (ए)। सनराइजर्स हैदराबाद को मुंबई इंडियंस के खिलाफ यहां हुए मैच में हार का सामना करना पड़ा है पर इस मैच में सनराइजर्स की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने एक नया रिकार्ड बनाया है। हेड ने इस मैच में केवल 29 रन बनाये पर इसके साथ ही हेड आईपीएल में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने 170 से अधिक के स्ट्राइक रेट और 30 से अधिक के औसत से कुल 1000 रन बनाये हैं। इससे पहले जिन भी खिलाड़ियों ने 1000 रन बनाये हैं उनका स्ट्राइक रेट कम रहा है। हेड ने आईपीएल में 172 के स्ट्राइक



रेट से 1000 रन बनाए है। हेड ने कुल 32 मैचों में 36.21 के औसत से 1014 रन बनाए हैं।

इससे पहले 102 से अधिक खिलाड़ियों ने आईपीएल में 1000 रन बनाये हैं। इसमें वेस्टइंडीज के रसल ने 170 के अधिक के स्ट्राइक रेट से 1000 रन बनाये पर उनका औसत भी 27 रहा है। इसके अलावा वेस्टइंडीज के ही निकोलस पूरन और दक्षिण अफ्रीका के हेनिरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ियों ने भी 1000 रन बनाये हैं पर उनका औसत भी हेड से कम ही रहा है हालांकि हेड का फॉर्म इस साल आईपीएल में अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 6 मैच में अब तक कुल 248 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 34 के औसल और 168 के स्ट्राइके रेट से रन बनाये हैं।



## इंस्तांबुल एयरपोर्ट पर 1700 की बीयर और 565 रुपए में मिलता है एक केला

इंस्तांबुल(ए)। तुर्किए का इंस्तांबुल हवाई अड्डा ऐसी ही एक जगह के रूप में विख्यात है, जहां पर खाने-पीने की चीजों के मूल्य लोगों को हैरत में डाल देते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक यात्री ने दावा किया कि इंस्तांबुल एयरपोर्ट खाने पीने की बुनियादी चीजों को भी प्रीमियम कीमतों पर बेचता है। यह कई बार इतना महंगा होता है कि एक साधारण आदमी के लिए इसे खरीदना तक बहुत मुश्किल होता है। कीमतों के बारे में लिखा गया कि यहां पर एक बीयर की बोतल करीब 15 पौंड या करीब 1700 रुपए में मिल रही हैं, वहीं एक केला करीब 565 रुपए का बेचा जा रहा है। इस एयरपोर्ट पर हर दिन करीब 2 लाख से ज्यादा लोग आते और जाते हैं ऐसे में इन सभी यात्रियों के लिए इतनी ज्यादा कीमत रखना एक प्रकार से उनका अपमान करने और लूटने जैसा है। इंस्तांबुल एयरपोर्ट पर आसमान छूती कीमतों को लेकर इटली के अखबार कोरिएरे डेला सेरा ने भी एक रिपोर्ट की थी।

## अब जेलेंस्की के सामने नई मुसीबत- चीन रूस को दे रहा आधुनिक हथियार?



मास्को(ए)। रूस और यूक्रेन युद्ध तीन साल से चल रहा है। इस बीच इस युद्ध में चीन का एंगल भी सामने आ रहा है। सवाल है कि क्या रूस और चीन मिलकर यूक्रेन को तबाह करने की साजिश रच रहे हैं? यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने चीन पर गंभीर आरोप लगाया है कि वह रूस को हथियार सप्लाई कर रहा है। कीव में जेलेंस्की ने दुनिया को चौंकाते हुए कहा, हमारी खुफिया जानकारी पक्की है कि चीन रूस को बारूद और तोपखाने दे रहा है। उन्होंने अगले हफ्ते और सबूत पेश करने का वादा किया। यह पहली बार है जब यूक्रेन ने साफ कहा कि बीजिंग रूस को हथियार देकर युद्ध में मदद कर रहा है। इससे पहले डोनेट्स्क में यूक्रेन ने रूसी सेना के साथ लड़ रहे दो चीनी नागरिकों, वांग गुआंगजुन और झांग रेनबो को पकड़ा।यह दावा तब आया जब यूक्रेनी सैनिकों ने रूसी सेना के साथ लड़ रहे चीनी नागरिकों को पकड़ा। इन चीनी सैनिकों ने बताया कि उन्हें पैसों का लालच देकर रूस भेजा गया, लेकिन वहां धोखा मिला। जेलेंस्की ने चेतावनी दी कि रूस 20 अप्रैल के ऑर्थोडॉक्स ईस्टर के आसपास बिजली इन्फ्रास्ट्रक्चर पर नए हमले कर सकता है। भारत में रूस के दूतावास ने यूक्रेन में भारतीय कंपनी के गोदाम पर मिसाइल गिरने के मामले में सफाई दी है।

## अमेरिकी विश्वविद्यालय में गोलीबारीः 2 की मौत, 6 घायल

वाशिंगटन (ए)। फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी (एफएसयू) कैंपस में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।घायलों और हमले के आरोपी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने संदिग्ध को गोली मारने के बाद पकड़ लिया। लियोन काउंटी के शेरिफ वाल्टर मैकनील ने बताया कि हमले के आरोपी का नाम फीनिक्स इकनर है, जिसकी उम्र 20 साल है। वह एफएसयू का छात्र है और एक डिप्टी शेरिफ का बेटा है।जांच में पता चला कि संदिग्ध ने अपनी मां के पुराने हथियार का इस्तेमाल किया, जो अब भी उसकी मां के नाम पर है। यह हथियार मौके पर मिला। उसके पास एक शॉटगन भी थी।शेरिफ ने बताया कि डिप्टी शेरिफ पिछले 18 सालों से एजेंसी के लिए काम कर रहे हैं और उन्होंने हमेशा शानदार तरीके से अपनी सेवा दी है।शेरिफ मैकनील ने कहा कि अफसोस की बात है कि डिप्टी शेरिफ के बेटे ने हथियार का इस्तेमाल किया। उन्होंने बताया कि आरोपी शूटर लियोन काउंटी शेरिफ कार्यालय की युवा सलाहकार टीम का लंबे समय से हिस्सा रहा है और उसने कई ट्रेनिंग प्रोग्राम में हिस्सा लिया था।शेरिफ ने कहा कि वह लियोन काउंटी शेरिफ कार्यालय से काफी जुड़ा हुआ था।पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में जान गंवाने वाले दोनों लोग छात्र नहीं थे। अभी तक उनके नाम नहीं बताए गए हैं।तल्हासी पुलिस ने करीब 3:15 बजे दोपहर में बताया कि कैंपस को सुरक्षित कर लिया गया है, लेकिन जांच के लिए अभी भी कई पुलिस एजेंसियां मौके पर मौजूद हैं।

## नमक से चीन ने रच दिया इतिहास, बना डाली ऐसी चीज जानकर उड़ जाएंगे होश!



बीजिंग (ए)। चीन ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। देश ने दुनिया का पहला थोरियम मोल्टन सॉल्ट न्यूक्लियर रिएक्टर सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। गोबी रेगिस्तान के किनारे स्थित इस अत्याधुनिक रिएक्टर में न सिर्फ बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है, बल्कि इसमें चलते हुए नया ईंधन भी डाला जा चुका है। परमाणु प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### क्या है थोरियम मोल्टन सॉल्ट रिएक्टर?

यह रिएक्टर पारंपरिक न्यूक्लियर रिएक्टर्स से अलग है, जो यूरेनियम का उपयोग करते हैं। इसमें ईंधन के तौर पर थोरियम का इस्तेमाल किया जाता है, जिसे पिघले हुए नमक (मोल्टन सॉल्ट) में घोला जाता है। यह पिघला हुआ नमक घोल ही ईंधन का काम करता है और रिएक्टर को ठंडा भी रखता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह बेहद उच्च तापमान पर भी सुरक्षित रूप से काम कर सकता है, जिससे ब्लास्ट या मेल्टडाउन जैसे गंभीर हादसों का खतरा कम हो जाता है।

### सुरक्षित और प्रचुर ईंधन


थोरियम को यूरेनियम की तुलना में कहीं अधिक सुरक्षित माना जाता है। यह पृथ्वी पर प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है - विशेषज्ञों का मानना है कि चीन के इनर मंगोलिया क्षेत्र में स्थित थोरियम के विशाल भंडार इस तकनीक का उपयोग करके चीन की बिजली की ज़रूरतों को हजारों वर्षों तक पूरा करने की क्षमता रखते हैं। थोरियम से उत्पन्न होने वाला परमाणु कचरा (न्यूक्लियर वेस्ट) भी काफी कम और कम खतरनाक होता है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ यह भी बताते हैं कि इस प्रक्रिया से कुछ ऐसे उप-उत्पाद (by-products) भी निकलते हैं जिनका इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में किया जा सकता है, जिससे चीन की परमाणु शक्ति परोक्ष रूप से बढ़ सकती है।

### चलते रिएक्टर में ईंधन भरना एक बड़ी उपलब्धि

इस रिएक्टर की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि यह है कि इसमें ऑपरेशन के दौरान ही सफलतापूर्वक नया ईंधन भरा जा सका। यह ठीक उसी तरह है जैसे कोई चलती हुई कार में पेट्रोल भरवाए। पारंपरिक रिएक्टरों में ईंधन बदलने के लिए उन्हें बंद करना पड़ता है, लेकिन मोल्टन सॉल्ट रिएक्टर में यह प्रक्रिया लगातार जारी रह सकती है, जो इसकी दक्षता और संचालन में लचीलापन बढ़ाती है।

# ट्रंप सरकार की सख्ताई, 1000 से ज्यादा इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के वीजा रद्द; निर्वासन का खतरा बढ़ा

वाशिंगटन (ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई नीति के तहत, उनकी सरकार ने पिछले कुछ हफ्तों में 1,000 से ज़्यादा इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के वीजा रद्द कर दिए हैं। इस अचानक कार्रवाई से अमेरिका में पढ़ाई कर रहे विदेशी छात्रों के लिए हिरासत (डेटेंशन) और देश से निकाले जाने (डिपोर्टेशन) का खतरा बढ़ गया है। यह फैसला अमेरिकी विश्वविद्यालयों में हुए कुछ विरोध प्रदर्शनों से जोड़कर देखा जा रहा है।रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका भर के कम से कम 160 कॉलेज और यूनिवर्सिटीज़ में पढ़ रहे 1,024 से ज़्यादा छात्रों के वीजा या तो रद्द कर दिए गए हैं या उनका कानूनी दर्जा (लीगल स्टेटस) समाप्त कर दिया गया है।इस फैसले ने उन छात्रों के लिए गंभीर परेशानी खड़ी कर दी है जो पहले से ही अमेरिका में पढ़ाई कर रहे थे। कई प्रभावित छात्रों ने अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के खिलाफ मुकदमे दायर किए हैं, जिसमें उनका कहना है कि उन्हें उचित प्रक्रिया (ड्यू प्रोसेस) से वंचित किया गया और उनके



वीजा रद्द करने या स्टेटस बदलने का कोई वैध कारण नहीं बताया गया। कुछ छात्रों का दावा है कि प्रशासन ने बिना किसी स्पष्टीकरण के उनकी स्थिति मनमाने ढंग से बदल दी। यह कार्रवाई हावर्ड, स्टैनफोर्ड, मैरीलैंड यूनिवर्सिटी और ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों को भी प्रभावित कर रही है।इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों को यह धमकी भी दी है कि अगर वे छात्रों की 'सक्रियता' को नियंत्रित करने के संबंध में प्रशासन के निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो उनकी वित्तीय सहायता रोक दी जाएगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, हावर्ड यूनिवर्सिटी की 2.3 बिलियन डॉलर की फेडरल वित्तीय सहायता पर पहले ही रोक लगाई जा चुकी है, लेकिन यूनिवर्सिटी ने सरकार के इन आदेशों का विरोध जारी रखने का संकल्प लिया है।इस अचानक और बड़े पैमाने पर वीजा रद्द करने की कार्रवाई का मुख्य कारण, 2018 में कोलंबिया यूनिवर्सिटी के छात्र कार्यकर्ता महमूद खलील की गिरफ्तारी के बाद उठी चिंताएं बताई जा रही हैं। ट्रंप प्रशासन ने उस समय कहा था कि यह उसका अधिकार है कि वह 'यहूदी विरोधी' प्रदर्शनों में भाग लेने वाले विदेशी नागरिकों को निर्वासित कर सकता है। कुछ विश्वविद्यालयों का कहना है कि मौजूदा स्थिति में आप्रवासी छात्रों को मामूली नियमों के उल्लंघन के लिए भी निशाना बनाया जा रहा है।

## दुनिया की सबसे छोटी नदी! पलक झपकते ही पार, सिर्फ 61 मीटर लंबी

वाशिंगटन (ए)। आपने गंगा, नील और अमेजन जैसी विशाल नदियों के बारे में तो सुना ही होगा, जिनकी लंबाई हजारों किलोमीटर में होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसी भी नदी है, जिसे आप महज कुछ सेकंड में पार कर सकते हैं? जी हां, यह कोई मज़ाक नहीं, बल्कि हकीकत है! इस रहस्यमयी और अनोखी नदी का नाम है रॉए नदी। यह अमेरिका के मोंटाना राज्य में स्थित है और इसकी कुल लंबाई केवल 61 मीटर (201 फीट) है। इतनी छोटी कि छलांग लगाते हुए इसे पार कर लें।

**छोटा पैकेट, बड़ा कमाल**

यह नदी अमेरिका के मोंटाना राज्य के गायंट स्प्रिंग्स से निकलती है और कुछ ही दूरी पर जाकर मिसौरी नदी में मिल जाती है। इसकी लंबाई सिर्फ 61 मीटर है। इस कारण इसे गिनीज रिकॉर्ड में 1989 से 2006 तक दर्ज रखा गया था। रॉए नदी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दुनिया की सबसे छोटी नदी के रूप में दर्ज किया गया था। हालांकि बाद में इस श्रेणी को हटा दिया गया।

# पीएचई विभाग के प्रमुख सचिव श्री नरहरि ने की जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा

## पेयजल समस्या की शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत निराकरण करें : प्रमुख सचिव श्री नरहरि




सीहोर( निप्र)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव पी नरहरि की अध्यक्षता में सीहोर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के., जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में प्रमुख सचिव पी नरहरि ने जिले में चल रहे नल जल योजनाओं के कार्यों कि विकासखण्डवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी ग्राम में पेयजल समस्या की शिकायत प्राप्त होने पर समस्या का तुरन्त निराकरण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद एवं पीएचई के अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमण करें और पेयजल समस्या निर्मित होने के पहले ही उचित कार्यवाही करे। बैठक में मुख्य अभियन्ता आर. के. हिरोडिया, सभी जनपद सीईओ, जल निगम एवं पीएचई के अधिकारी उपस्थित थे।

### *बिजली कार्मिक की मृत्यु पर आश्रित परिवार को मिलेगी सवा लाख रुपये अनुग्रह राशि*

*सीहोर( निप्र)। एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने कंपनी की सेवा में रहते हुए कार्मिक की मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि का पुनरीक्षण करते हुए अधिकतम 1,25,000 रूपए करने का आदेश आज जारी कर दिया गया है। एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने किसी कंपनी कार्मिक की कंपनी की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवार को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छह गुना के बराबर, अधिकतम 1,25,000 अनुग्रह अनुदान राशि स्वीकृत करने का निर्णय लिया है। आदेश 1 अप्रैल 2025 अथवा इसके बाद के प्रकरणों पर प्रभावशील होगा। अनुग्रह अनुदान भुगतान करने की अन्य शर्तें यथावत प्रभावशील रहेंगी।*

# वैशाख माह में जारी शिव-शक्ति अनुष्ठान में भगवान शिव का शहद से किया अभिषेक

## आज किया जाएगा आनर रस और पुष्प रस से अभिषेक



सीहोर( निप्र)। हर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को पंडित पवन व्यास और पंडित कुणाल व्यास के मार्गदर्शन में यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर का शहद, दूध और पवित्र जल को मिश्रित कर अभिषेक किया। अब शनिवार को आनर रस और पुष्प रस से भगवान का अभिषेक किया जाएगा।

पंडित श्री व्यास ने बताया कि शहद से अभिषेक करने से धन वृद्धि होती है। इसके साथ ही शहद से अभिषेक करने से पुरानी बीमारियां भी नष्ट हो जाती हैं। शहर को दूध और पानी में मिश्रित कर भगवान शंकर का अभिषेक करना चाहिए। दूध धर्म के और मन पर प्रभाव के दृष्टिकोण से सात्विक समझा जाता है। इसमें भी गाय का दूध सर्वाधिक पवित्र और अच्छा माना जाता है। शिवजी के रुद्राभिषेक में दूध का विशेष उपयोग होता है। शिवलिंग का दूध से रुद्राभिषेक करने पर समस्त मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। दूध का दान करने से चंद्रमा मजबूत होता है। जल में थोड़ा सा दूध डालकर स्नान करने से मानसिक तनाव दूर होता है और चिंताएं कम होती हैं। पंडित श्री व्यास ने कहाकि मंदिर परिसर में लगातार एक माह तक शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान किया जाएगा। गत दिनों यहां पर पूर्ण विधि-विधान से 30 दिवसीय हवन कुंड का निर्माण किया गया था। जिसमें वेद मंत्रों के द्वारा आहुतियां दी जा रही है। वहीं सुबह आठ बजे से राम चरित्र मानस पाठ का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस ग्रंथ में रामायण को अच्छी तरह से चौपाईयों के माध्यम से बताया गया है किस तरह राम का जीवन रहा, कैसे महापुरुष बनें।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां

## जल संरक्षण के लिए जल संगोष्ठी आयोजित, जल संरक्षण की दिलाई शपथ







सीहोर( निप्र)। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### जल संगोष्ठी आयोजित, जल संरक्षण की दिलाई शपथ

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा बुधनी में जल संरक्षण के लिए जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने जल संरक्षण के लिए कार्ड शीट पर चित्रों के माध्यम से जागरूक किया।

इसी प्रकार जन अभियान परिषद सीहोर के सदस्यों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम बमुलिया, बड़नगर, निपानियाकला में ग्रामवासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा दीवार लेखन, जन चौपाल के माध्यम से जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही ग्राम बमुलिया में 400 वर्ष पुरानी बावड़ी की साफ -सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर सीहोर विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर, बुधनी विकासखंड समन्वयक इंदर सिंह निकुम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### एमपी पॉवर कंपनी ने कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया पुनरीक्षित

सीहोर ( निप्र)। एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने कंपनी कार्मिकों के पुनरीक्षित गृह भाड़ा भत्ता का आदेश आज जारी कर दिया। पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार दिनांक 3 अप्रैल 2025 को जारी राज्य शासन के शासकीय सेवकों को देय गृह भाड़ा भत्ता के पुनरीक्षण संबंधी आदेश को यथावश्यक संशोधनों सहित 'शासकीय सेवक'के स्थान पर 'कंपनी कार्मिक'प्रतिस्थापित करते हुए ग्राह्य किया है। 7 लाख अथवा इससे अधिक जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 10 प्रतिशत देय होगा। 3 लाख से अधिक पर 7 लाख से कम जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 7 प्रतिशत देय होगा। 3 लाख से कम जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देया मूल वेतन का 5 प्रतिशत देय होगा।

## हीट स्ट्रोक के प्रकोप से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

सीहोर( निप्र)। जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण अधिकांश भागों में लू (तापघात) हीट स्ट्रोक की की स्थिति निर्मित हो सकती है। जिले में संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिए जिला स्तर पर जन समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव तथा निर्देश जारी किये गये है। इस संबध में सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं को निर्देश दिए हैं। जारी निर्देशानुसार जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि लू के प्रबंधन के सभी उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। बाह्य रोगी कक्ष में बैठने की उचित व्यवस्था के साथ ही ठंडे जल की व्यवस्था सुनिश्चित किया करने के लिए कहा गया है। प्रत्येक चिकित्सालय एवं उप जिला चिकित्सालय 05 बिस्तरीय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 02 बिस्तर इन मरीजों के लिए आरक्षित किया करने के निर्देश दिए गए हैं। हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ठंडे पानी और कूलर की सहायता से शरीर का तापमान नियंत्रित करें। ढीले सूती कपड़े पहने।

# पीपीसीए के तत्वाधान में इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता

## अभिजीत की सटीक गेंदबाजी की बदौलत टीम प्रियांशी ने टीम अंजली को चार विकेट से हराया

सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर शुक्रवार से आरंभ हुई पीपीसीए के तत्वाधान में इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मातृ शक्ति को बढ़ाने के लिए चार टीम को इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया। इन टीमों के कप्तान के रूप में अकादमी में अभ्यास लेने वाली बालिकाओं को टीम का कप्तान बनाकर इनको सम्मान दिया जा रहा है। शुक्रवार को इस मौके पर डीसीए के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, पीपीसीए अकादमी में चेतन मेवाड़ा, आदर्श राय, अतुल त्रिवेदी, मनोज दीक्षित मामा आदि ने टीम के कप्तान काव्या, यामनी, अंजली और प्रियांशी का उत्साहवर्धन किया। लीग का पहला मैच टीम प्रियांशी ने टीम अंजली को चार विकेट से हराया। इस मैच में अभिजीत ने चार विकेट हासिल किए। शुक्रवार की सुबह खेले गए मैच में टीम अंजली ने निर्धारित 40 ओवर के इस मैच में 21.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 115 रन बनाए थे। इसमें निर्भय प्रजापति ने 19 रन, हिमांशु चंद्रवंशी ने 21 रन और हरीश ने 14 रन बनाए थे।



# नरवाई जलाने की रोकथाम एवं प्रबंधन के संबंध में कलेक्टर ने जारी किए आवश्यक निर्देश

सीहोर( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को नरवाई न जलाये जाने तथा प्रबंधन गतिविधियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी निर्देशानुसार जिले में नरवाई जलाने की रोकथाम के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने के पश्चात भी किसानों द्वारा नरवाई जलाने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो कि वातावरण, मिट्टी की संरचना एवं पोषक तत्वों तथा उर्वरा शक्ति के लिए नुकसानदायक है। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फायर मॉनिटरिंग वेबसाइट पर सभी सम्मिलित विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों का अधिक से अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन कराया जाए, जिससे वन क्षेत्र एवं नरवाई जलाने संबंधी घटनाओं की सूचना समय पर प्राप्त हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फायर फाइटिंग सिस्टम को ज्यादा प्रभावशाली बनाया जाए। जे फार्म एप पर जिले में उपलब्ध 75 सुपर सीडर का रजिस्ट्रेशन कराया जाए तथा जिले के सभी किसानों को जे फार्म एप पर जोड़कर सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर का उपयोग करने के उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिले में पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं वन रक्षक की संयुक्त टीम गठित कर संबंधित क्षेत्र में नरवाई एवं वन क्षेत्र में आग न लगाने के लिए प्रचार-प्रसार कराया जाए तथा क्षेत्र में घटित होने वाले प्रकरणों में संबंधित किसानों के विरुद्ध पंचनामा तैयार कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही जिन ग्रामों में अभी फसल कटाई शेष है तथा पहले वर्ष में इन ग्रामों में नरवाई जलाने की घटनाएं हुई हों तो ऐसे ग्रामों में ट्रैक्टर चलित वाटर टैंकर (पम्प सहित) उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाए, जिससे खड़ी फसल में आग ना लगे तथा नरवाई में लगी हुई आग को तत्काल बुझाया जा सके।



# कृषि विस्तार अधिकारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध




सीहोर ( निप्र)। समस्त कृषि विस्तार अधिकारी अपने वर्षो से लंबित मांगों एवं न्यायसंगत अधिकारों के प्रति ध्यान आकृष्ट कराने हेतु विरोध प्रदर्शन की राह पर अग्रसर होने के लिए विवश हैं। इस संबंध में म.प्र. कृषि विस्तार अधिकारी संघ, कृषि विस्तार अधिकारी साथियों के हित में दिनांक 15.04.2025 से 30.04.2025 तक लगातार काली पट्टी बाँधकर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगें। तथा पूरे प्रदेश के समस्त कृषि विस्तार अधिकारी दिनांक 22.04.2025 को सामूहिक अवकाश पर रहेगें।विभाग के हित में निम्नानुसार बिन्दुओं पर शासन स्तर से ठोस कदम नहीं उठाये जाने की स्थिति में दिनांक 01.05.2025 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने के लिये बाध्य होगें। यह है मांगें कृषि विस्तार अधिकारियों के वेतनमान में सुधार कर रू. 2100 एवं 2400 के स्थान पर 2800 ग्रेड पे के लिए माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में बार-बार सहमति दिये जाने के पश्चात भी सर्वेयरों के समान वेतनमान न दिये जाने से समस्त कृषि विस्तार अधिकारियों में घोर अवसाद तथा आकोश की स्थिति है। इस संबंध में तत्काल कार्यवाही की मांग पूरी किये जाने का अनुरोध है। कृषि विस्तार अधिकारी के कार्य तकनिकी होतें है, वर्तमान भर्ती नियमों के अनुसार कृषि विस्तार अधिकारियों की भर्ती के लिये तकनिकी स्नातक डिग्री आर्हता है चूंकि भारतीय अनुसंधान परिषद के आदेश कमांक एफ.न.ई./13-1-2016-एस.आर. दिनांक 06.10.2016 अनुसार कृषि एवं संबंधित विषयों की स्नातक शिक्षा व्यवसाहिक तकनीकी शिक्षा घोषित की गई है। इसलिये कृषि विस्तार अधिकारी पद को तकनिकी पद घोषित किये जाने का अनुरोध है। कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारियों के समान 4000 हजार एग्रीस्टेक भत्ता तथा अतिरिक्त केन्द्र का भत्ता 500 रुपये प्रतिमाह के स्थान पर 1000 रुपये प्रति माह किये जाने का अनुरोध है। माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप विभाग में पदोन्नति की प्रकिया को सबसे निचले कम से प्रारम्भ किया जाए क्योंकि कृषि विस्तार अधिकारियों को पूरे सेवाकाल में एक से अधिक पदोन्नति मिल पाना भी दुर्लभहै। इसके लिए सर्वप्रथम कृषि विकास अधिकारी के रिक्त लगभग 1000 पदों पर पदोन्नति दी जाकर द्वितीय चरण में उच्च पदों पर पदोन्नति के पश्चात शेष रिक्त कृषि विकास अधिकारी पदों पर पदोन्नति की जाए। अन्यथा विगत कई वर्षों की तरह सैकड़ों कृषि विस्तार अधिकारी एक ही पद पर सेवानिवृत्ति की पीड़ा से जीवन पर्यन्त आहत रहेंगे।

# शहर के चर्च मैदान पर ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता

## सीहोर बाइज ने सीहोर ब्लू को 3-2 से हराया



सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान 85 दिवसीय निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में बालिका-बालक वर्ग के अनेक खिलाड़ी शामिल हो रहे है। वहीं ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शुक्रवार को सीहोर बाइज ने सीहोर ब्लू को 3-2 से हराया। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से अथर्व, कृष्णा और सारांश ने 1-1 गोल किया था। वहीं सीहोर ब्लू की ओर से दिव्यांश-अग्रिम ने 1-1 गोल किए थे। शनिवार की शाम को सीहोर क्लब और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य मैच खेला जाएगा।

# पांच दिवसीय नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन

## एडिक्शन का रूप अलग-अलग हो सकता : संचालक राहुल सिंह

सीहोर (निप्र)। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित नशा मुक्ति केन्द्र श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में पांच दिवसीय नशा मुक्ति कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। पहले दिन यहां पर हितग्राहियों को ग्रुप बनाकर किस तरह इन गलत आदतों के शिकंजें में आए इसके संबंध में उनके अनुभव के बारे में विचार सांझा किए गए। कार्यक्रम के दौरान केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने कहाकि हमारे द्वारा हर माह पांच दिवसीय कार्यशाला इसलिए लगाई जाती है कि हम हमारे अंदर की बुराईयों को एक दूसरे से अवगत कर इसको दूर करने के बारे में विचार कर सकते है। उन्होंने कहाकि हमारी छोटी-छोटी आदतें, जिन्हें हम हल्के में लेते हैं, अचानक हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन जाती हैं। हमें इसका एहसास भी नहीं होता है। यह एक ऐसी मानसिक और शारीरिक स्थिति है, जो हमें किसी खास आदत या नशे पर पूरी तरह से निर्भर बना देती है। कार्यशाला के दौरान पंडित कुणाल व्यास ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहाकि अपने खाली समय में




भगवान के नाम का ध्यान करने से सकारात्मक असर आता है। श्री सिंह ने बताया कि चाहे वह शराब, तंबाकू हो या फिर सोशल मीडिया और इंटरनेट की लत। एडिक्शन का रूप अलग-अलग हो सकता है, लेकिन इसका असर एक ही है। यह हमारी मेंटल और फिजिकल हेल्थ को धीरे-धीरे दीमक की तरह खा जाता है। क्या आपने कभी महसूस किया है कि किसी बुरी आदत के कारण आपकी जिंदगी पर गहरा असर पड़ रहा है, लेकिन फिर भी आप उसे छोड़ नहीं पा रहे हैं? यही एडिक्शन का जाल है। यह धीरे-धीरे हमारे मस्तिष्क को अपने कब्जे में ले लेता है। आज के समय में युवा मोबाइल व नशे की लत का शिकार होने से खेलों से पिछड़ रहा है। मोबाइल की लत का शिकार होने से युवा अपराध की ओर अग्रसर हो रहा है। युवाओं को खेलों के प्रति अग्रसर करने के लिए सरकार को महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने चाहिए। एक व्यक्ति द्वारा लगातार नशा करने से उसके शरीर पर गहरा प्रभाव पड़ता है। जिसकी वजह से नशा करने वाले व उसके परिवार को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इस दौरान युवाओं को नशे से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में अवगत करवा नशे की लत से दूर रहने का आह्वान किया गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com